वर्ष 24, अंक 280, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 19 अप्रैल 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

**प्रधानमंत्री मोदी ने महिला आरक्षण बिल का जिक्र करते हुए कहा कि नारी शक्ति के सपने को कुचल दिया गया.**

# देश की नारीशक्ति का आशीर्वाद हमारे साथ- पीएम मोदी

**नई दिल्ली**
प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज राष्ट्र के नाम अपना संबोधन दिया। इस दौरान उन्होंने देश की माताओं और बहनों के समक्ष अपना पक्ष रखा। प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि मैं माताओं और बहनों से बात करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति की उड़ान को विपक्ष के द्वारा रोक दिया गया। उन्होंने देश की महिलाओं से माफी भी मांगी और कहा कि हम अपने प्रयास में सफल नहीं हो सके। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं आज यहां देश की माताओं, बहनों और बेटियों से बात करने आया हूं। उन्होंने आगे कहा कि हम महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने में सफल नहीं हो सके। अफसोस जताते हुए उन्होंने कहा कि मैं देश की माताओं और बहनों से तहे दिल से माफी मांगता हूं।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों की भी आलोचना की और उन पर विधेयक को रोकने का आरोप लगाया। उन्होंने विधेयक की विफलता के लिए कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके और सपा सहित विभिन्न दलों की स्वार्थी राजनीति को जिम्मेदार ठहराया। मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक की विफलता को लेकर विपक्षी दलों की आलोचना की और उन पर जनहित से ऊपर राजनीति रखने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की संकीर्ण और स्वार्थी राजनीति के कारण देश की माताओं और बहनों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ा। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि कुछ विपक्षी समूहों ने विधेयक के गिरने का जश्न मनाया और कहा कि विधेयक के गिरने पर ये वंशवादी दल तालियां बजा रहे थे।

नरेंद्र मोदी ने महिला आरक्षण विधेयक की विफलता को लेकर विपक्षी दलों पर अपना हमला तेज करते हुए उन पर महिलाओं की गरिमा और अधिकारों को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने महिलाओं के आत्मसम्मान को ठेस पहुंचाई है। उन्होंने आगे कहा कि महिलाओं को उनके उचित अवसर से वंचित करके विपक्षी दल एक तरह से अपनी ही प्रशंसा कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विपक्ष ने महिलाओं का अपमान किया है, देश की महिलाएं इसे कभी नहीं भूलेंगी। उन्होंने कहा कि महिलाएं कई बातें भूल सकती हैं, लेकिन वे अपने अपमान को कभी नहीं भूलतीं।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस, डीएमके, टीएमसी और सपा जैसी परिवारवादी पार्टियां खुशी से तालियां बजा रही थी। महिलाओं से उनके अधिकार छीनकर ये लोग मेजें थपथपा रहे थे। उन्होंने जो किया, वो केवल टेबल पर थाप नहीं थी, वो नारी के स्वाभिमान पर, उसके आत्मसम्मान पर चोट थी। उन्होंने कहा कि नारी सब भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान कभी नहीं भूलती। इसलिए संसद में कांग्रेस और उसके सहयोगियों के व्यवहार की कसक हर नारी के मन में हमेशा रहेगी। संसद में नारीशक्ति वंदन संशोधन का जिन भी दलों ने विरोध किया है।



- **विपक्ष को उनके पाप की सजा जरूर मिलेगी**
- **अंग्रेजों से विरासत में राजनीति सीख कर आई कांग्रेस - पीएम मोदी**
- **परिवारवादी पार्टियों का नेतृत्व खतरे में - पीएम मोदी**

# हमारी लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है- पीएम मोदी

**कोयंबटूर**
**कोयंबटूर** में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा में महिला आरक्षण विधेयक को विफल करने के लिए डीएमके और कांग्रेस की जमकर आलोचना की। उन्होंने कहा कि डीएमके का पदार्फाश हो गया है। अब पार्टी अपना असली चेहरा नहीं छिपा सकती। उन्होंने कहा कि इस नई शुरूआत के समय में, तमिलनाडु की राजनीति में एक नया अध्याय लिखा जा रहा है।

मोदी ने कहा कि आज, अपने लोगों के बीच, मैं अपना दर्द और गुस्सा जाहिर करना चाहता हूँ। 2023 में, हमने नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया और इस महीने की 16 तारीख को, हमने संसद और विधानसभाओं में महिला आरक्षण लागू करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया। मैंने व्यक्तिगत रूप से सभी राजनीतिक दलों से इसका समर्थन करने की अपील की थी। मैंने उनसे स्पष्ट रूप से कहा था कि वे इसका श्रेय ले सकते हैं; मुझे कोई आपत्ति नहीं है। मैं बस इतना चाहता था कि साधारण परिवारों की बहनें ज्यादा से ज्यादा संख्या में संसद और विधानसभाओं में आएँ। उन्होंने कहा कि लेकिन दुर्भाग्य से, यह नेक प्रयास विफल हो गया। डीएमके, कांग्रेस और उनके सहयोगियों ने इसे नफरत और छोटी राजनीति का निशाना बना दिया... 2011 की जनगणना के आधार पर, तमिलनाडु को और भी कई सीटें मिलने वाली थीं, लेकिन स्पष्ट रूप से डीएमके ऐसा नहीं चाहती थी। उनके कारनामे अब पूरी तरह से उजागर हो चुके हैं। काले कपड़े पहनकर डीएमके अपने कुकर्मों को छिपा नहीं सकती... लोग आपके काले कारनामों को जानते हैं और अब आप उनसे बच नहीं सकते। उन्होंने कहा कि मैं आप सभी को आश्वस्त करना चाहता हूं कि यह हमारी लड़ाई का अंत नहीं, बल्कि सिर्फ शुरूआत है। भाजपा और एनडीए आपके अधिकारों के लिए लड़ते रहेंगे।



नरेंद्र मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम के बाद, मैं आज रात 8:30 बजे इस मुद्दे पर विस्तार से चर्चा करूँगा। आज डीएमके के पास दिखाने के लिए कोई उपलब्धि नहीं है, उठाने के लिए कोई ठोस मुद्दे नहीं हैं। इसीलिए उन्होंने तमिलनाडु की सीटों में कटौती को लेकर झूठे डर फैलाने का सहारा लिया। डीएमके ने पहले कहा था कि मौजूदा आनुपातिक प्रतिनिधित्व को बनाए रखना चाहिए, और हमने भी इसका प्रस्ताव रखा था। लेकिन अब उन्होंने अपना रुख बदल लिया है। महिलाओं के बढ़ते प्रभाव से डीएमके और कांग्रेस को इतनी परेशानी क्यों होती है? ये एक-परिवार वाली पार्टियां सत्ता को अपने ही परिवारों तक सीमित रखना चाहती हैं।

उन्होंने कहा कि डीएमके तमिलनाडु में हिंसा और अपराध को बढ़ावा देकर महिलाओं को नुकसान पहुंचा रही है। संसद में भी वे महिलाओं के साथ खड़े नहीं होते, लेकिन अब उनकी महिला-विरोधी विचारधारा को मुंहतोड़ जवाब जरूर मिलेगा। उन्होंने कहा कि डीएमके की नीति है।

## कांग्रेस की 'सामंती मानसिकता' उजागर हुई

**नई दिल्ली**
**भाजपा** के वरिष्ठ नेताओं ने शनिवार को कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए उस पर महिलाओं के साथ धोखा करने और विधानसभाओं में 2029 से महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने और लोकसभा की संख्या बढ़ाने के लिए लाए गए संविधान संशोधन विधेयक के निचले सदन में खारिज होने पर उनकी राजनीतिक आकांक्षाओं की हार का जश्न मनाने का आरोप लगाया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कांग्रेस और उसके सहयोगियों पर आरोप लगाया कि वे दशकों से विभिन्न दलों की महिला नेताओं द्वारा की जा रही मांग के बावजूद विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण से वंचित किए जाने पर खुशी मना रहे हैं।



उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी ने गर्व से मुस्कुराते हुए, मेजें थपथपाते हुए, आम महिलाओं की राजनीतिक आकांक्षाओं के कुचले जाने का जश्न मनाया।

कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों ने इस बात का जश्न मनाया कि जिन महिलाओं ने वर्षों तक राजनीति में संघर्ष किया और संसद में केवल 33 प्रतिशत आरक्षण की मांग की, उन्हें उनके अधिकारों से वंचित कर दिया गया। महिलाओं के लिए आरक्षण लागू करने और लोकसभा की संख्या बढ़ाने के उद्देश्य से लाया गया संविधान संशोधन विधेयक शुक्रवार को सदन में दो-तिहाई बहुमत प्राप्त न कर पाने के कारण हार गया।

## परमहंस आचार्य को मिली जान से मारने की धमकी, 'हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर खामोश रहो'

**अयोध्या**
**रामनगरी** अयोध्या में तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद सनसनी फैल गई है. दावा किया जा रहा है कि यह धमकी अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के नाम पर दी गई है. धमकी देने वाले ने परमहंस आचार्य को 'टारगेट' पर बताते हुए उन्हें बम से उड़ाने की चेतावनी दी है और हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर खामोश रहने को कहा है।

## नोएडा में आगजनी-तोड़फोड़ का मुख्य साजिशकर्ता तमिलनाडु से गिरफ्तार, 1 लाख का था इनाम

**नोएडा**
गौतमबुद्धनगर पुलिस कमिश्नरेट और स्पेशल टास्क फोर्स (रळऋ) की संयुक्त टीम ने एक बड़ी सफलता हासिल की है. नोएडा में हाल ही में हुए श्रमिक आंदोलन के दौरान हिंसक प्रदर्शन, तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं के मुख्य साजिशकर्ता और मास्टरमाइंड आदित्य आनंद को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है. इस कुख्यात आरोपी पर पुलिस द्वारा एक लाख रुपये का इनाम घोषित किया गया था.

तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से हुई गिरफ्तारी

पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह के कड़े निर्देशों और अपर पुलिस आयुक्त (कानून-व्यवस्था) डॉ. राजीव नारायण मिश्र की निगरानी में नोएडा पुलिस और एसटीएफ की टीमें लंबे समय से आरोपी की तलाश में जुटी थीं. पुलिस को चकमा देकर फरार चल रहे इस आरोपी को आखिरकार 18 अप्रैल 2026 को तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार कर लिया गया।

## दोहरी नागरिकता केस में एफआईआर के आदेश पर रोक



**इलाहाबाद**
**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने शनिवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ कथित दोहरी नागरिकता मामले में एफआईआर दर्ज करने के अपने पूर्व निर्देश पर रोक लगा दी। समाचार एजेंसी एएनआई के अनुसार, न्यायालय ने यह भी कहा कि आरोपी की सुनवाई के बिना कोई निर्णय नहीं लिया जा सकता। एक दिन पहले, उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने उत्तर प्रदेश पुलिस को कांग्रेस सांसद के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि उन्होंने 2003 में इंग्लैंड में एक कंपनी का गठन करते समय ब्रिटिश नागरिकता छिपाई थी।

न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की पीठ ने राज्य सरकार को जांच किसी केंद्रीय एजेंसी को सौंपने की अनुमति भी दी थी। पीठ ने कहा कि आरोपों के प्रथम दृष्टया अध्ययन से संज्ञेय अपराध प्रतीत होते हैं, जिनके लिए विस्तृत जांच आवश्यक है। यह निर्देश उप सॉलिसिटर जनरल द्वारा अदालत के अनुरोध पर प्रासंगिक दस्तावेज प्रस्तुत करने के बाद आया। यह याचिका कर्नाटक भाजपा कार्यकर्ता विग्नेश शिशिर ने दायर की थी, जिन्होंने आरोप लगाया था कि राहुल ने अगस्त 2003 में पंजीकृत कंपनी, मेसर्स बैकॉप्स लिमिटेड, के गठन के दौरान स्वयं को ब्रिटेन का नागरिक घोषित किया था। याचिकाकर्ता के अनुसार, राहुल ने स्वेच्छा से अपनी राष्ट्रीयता ब्रिटिश बताई थी और लंदन और हैम्पशायर के पते के साथ एक निदेशक पहचान पत्र भी प्रदान किया था।

## परमहंस आचार्य को मिली जान से मारने की धमकी, 'हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर खामोश रहो'

**अयोध्या**
**रामनगरी** अयोध्या में तपस्वी छावनी के पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमहंस आचार्य को जान से मारने की धमकी मिलने के बाद सनसनी फैल गई है. दावा किया जा रहा है कि यह धमकी अंतरराष्ट्रीय आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के नाम पर दी गई है. धमकी देने वाले ने परमहंस आचार्य को 'टारगेट' पर बताते हुए उन्हें बम से उड़ाने की चेतावनी दी है और हिंदू राष्ट्र के मुद्दे पर खामोश रहने को कहा है।

## राजनाथ सिंह ने आईजीओएम की चौथी बैठक की अध्यक्षता की

**नई दिल्ली**
**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने 18 अप्रैल को पश्चिम एशिया की स्थिति पर केंद्रित मंत्रियों के अनौपचारिक समूह (आईजीओएम) की चौथी बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार क्षेत्र में चल रहे संघर्ष से उत्पन्न संभावित जोखिमों को प्रबंधित करने के लिए त्वरित और प्रभावी उपाय कर रही है। पर एक पोस्ट में सिंह ने कहा कि पश्चिम एशिया की स्थिति पर मंत्रियों के अनौपचारिक समूह (आईजीओएम) की चौथी बैठक



आज हुई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए सरकार पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न होने वाले किसी भी संभावित जोखिम या समस्या को कम करने के लिए त्वरित और प्रभावी कार्रवाई करना जारी रखे हुए है। इससे पहले उसी दिन, प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली में संसद भवन में कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें विभिन्न मंत्रालयों और विभागों द्वारा स्थिति से संबंधित की गई कार्रवाइयों की समीक्षा की गई। भारत ने 17 अप्रैल को पुष्टि की कि उसे ब्रिटेन और फ्रांस के नेतृत्व में होर्मुज जलडमरूमध्य, जो एक रणनीतिक वैश्विक चोकपॉइंट है, से सुरक्षित पारगमन के लिए शुरू की गई समुद्री पहल में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि जी हां, भारत को इस पहल में शामिल होने का निमंत्रण मिला है। बैठक कुछ ही घंटों में शुरू होने वाली है। हम आपको भारत की भूमिका और बैठक में हुई चचाओं के बारे में जानकारी देंगे। यह निमंत्रण विश्व के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा गलियारों में से एक की सुरक्षा के लिए चल रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयासों के बीच आया है, जो वैश्विक तेल व्यापार के लगभग 20 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि नई दिल्ली से इस महत्वपूर्ण मार्ग से निर्बाध नौवहन बनाए रखने के उद्देश्य से बनाई गई सहयोगात्मक योजना में योगदान देने का अनुरोध किया गया है। लेबनान में, 10 दिनों के युद्धविराम ने विस्थापित परिवारों को अपने घरों में लौटने की अनुमति दी है।

# दिल्ली में आतंकी साजिश नाकाम

## स्पेशल सेल ने 4 को दबोचा, IED से दहलाने का था प्लान

**नई दिल्ली**
दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने एक बड़ी आतंकी साजिश को नाकाम करते हुए देश को दहलाने की योजना बना रहे चार युवकों को गिरफ्तार किया है. ये आरोपी देश के अलग-अलग राज्यों जैसे महाराष्ट्र, ओडिशा और बिहार से पकड़े गए हैं.

पुलिस के अनुसार, ये सभी युवक कट्टरपंथी विचारधारा से पूरी तरह प्रभावित थे और 'गजवा-ए-हिंद' जैसे खतरनाक मंसूबों को बढ़ावा देकर देश में नफरत और दहशत फैलाने की साजिश रच रहे थे.

खिलौना कार और कीलों से बना रहे थे रिमोट कंट्रोल IED



जांच में यह बेहद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि इनमें से दो आरोपी मिलकर एक रिमोट कंट्रोल IED (बम) बनाने की तैयारी में जुटे हुए थे. इसके लिए उन्होंने जरूरी कच्चा माल जैसे बॉल बेयरिंग, कीलें और खिलौना कार के पार्ट्स तक जुटा लिए थे. ये सभी आरोपी सोशल मीडिया के गुप्त (क्लोज्ड) ग्रुप्स के जरिए एक-दूसरे से जुड़े हुए थे, जहां जिहाद, हथियारों और आतंकी विचारधाराओं को लेकर चचाएं होती थीं ।

# 'मैं कोशिश करूंगा कि रिश्ते से खटास खत्म हो'

## आप से नाराजगी के बीच राघव चड्ढा ने किसके लिए कही ये बात?

**नई दिल्ली**
राज्यसभा में आम आदमी पार्टी की तरफ से उपनेता पद से हटाए जाने के बाद सांसद राघव चड्ढा लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं. इन सबके बीच उनका एक बयान चचाओं में है जिसमें वह शुक्रवार को हरिवंश नारायण सिंह को उच्च सदन के उपसभापति के रूप में उनके तीसरे कार्यकाल की शुरूआत पर बधाई दी. साथ ही उनके साथ अपने रिश्तों पर भी बयान दिया.

राघव चड्ढा ने कहा, "आम आदमी पार्टी के हाल ही में हटाए गए उपनेता के रूप में, मुझे बोलने का अवसर देने के लिए धन्यवाद, और मैं हरिवंश जी को राज्यसभा के उपसभापति के रूप में उनके तीसरे कार्यकाल की शुरूआत पर बधाई देता हूं." उन्होंने आगे कहा, "उनके पिछले कार्यकाल में, हरिवंश जी के साथ मेरा व्यक्तिगत संबंध खट्टा-मीठा था, लेकिन मुझे उम्मीद है और मैं कोशिश करूंगा कि इस नए कार्यकाल में यह केवल 'मीठा-मीठा' हो और रिश्ते से खटास खत्म हो."

'विषय से भटक जाते हैं तो खाते हैं डांट'

आप सांसद ने कहा कि कभी-कभी जब हम विषय से भटक जाते थे और राज्यसभा अध्यक्ष से डांट खाते थे, तो संबंध खराब हो जाते थे, और जब हम अपने बयानों और चर्चा के मुद्दे पर केंद्रित रहते थे, तो संबंध मधुर हो जाते थे.



चड्ढा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, "मुझे पूरा विश्वास है कि हरिवंश जी का व्यापक अनुभव सदन के कामकाज को बहुत लाभ पहुंचाएगा और इसकी गरिमा, मयार्दा और लोकतांत्रिक परंपराओं को बनाए रखने में मदद करेगा." चड्ढा ने कहा कि मैं पूरे सदन की ओर से हरिवंश जी का स्वागत करता हूं और उन्हें राज्यसभा का उपसभापति बनने पर बधाई देता हूं.

बयान की हो रही चर्चा

उनका बयान ऐसे समय में आया है जब आम आदमी पार्टी से उनकी कथित दूरी की चर्चाएं हैं.

और पार्टी उनपर आरोप लगा रही है कि उन्होंने अपने मुद्दों के जरिए बीजेपी नीत केंद्र सरकार को नहीं घेरा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस पर पहुँचे जिला अधिकारी प्रयागराज, फरियादियों की उमड़ पड़ी भारी भीड़

## उमस भरी गर्मी से अधिकारी से लेकर, फरियादी रहे बेहाल

**अखंड भारत संदेश**



**बारा प्रयागराज।** शनिवार को तहसील सभागार में जिलाधिकारी प्रयागराज मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न हुआ। समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ उमड़ पड़ी। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए एसीपी बारा वेद व्यास मिश्रा, एसीपी कौंधियारा अब्दुस सलाम एवं तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जमीन पर उतर पड़े। उसके बाद भीड़ नियंत्रित हुई।

समाधान दिवस में डी एम के पहुंचते ही अधिवक्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अधिवक्ताओं ने पेयजल, सरकारी भूमि, तालाब आदि पर कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई। तहसील परिसर में पानी का संकट और साफ सफाई का भी मुद्दा उठाया गया। समाधान दिवस में बिजली, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य, शिक्षा, राजस्व, पेयजल, पुलिस आदि से संबंधित शिकायती पत्र आए। इसमें से आठ शिकायती पत्रों का मौके पर निस्तारण किया गया। डीएम के आने की खबर से ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों में एक आशंका बनी रही किंतु किसी के भी कोई कार्रवाई नहीं होने से अधिकारियों ने राहत की सांस ली।समाधान हाल में उमस भरी गर्मी में अधिकारी से लेकर फरियादी बेहाल दिखे।

इस अवसर पर तहसीलदार बारा रोशनी सोलंकी,नायब तहसीलदार बारा विजय कुमार,नायब तहसीलदार शंकरगढ़ राकेश कुमार यादव,डीसीपी यमुनानगर विवेक यादव,डीडीओ प्रयागराज , सीएमओ प्रयागराज, खंड विकास अधिकारी जसरा, शंकरगढ़, अधीक्षक शंकरगढ़ अभिषेक सिंह सहित अन्य विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिकायती पत्रों में चक मार्ग पर कब्जा, लटकते विद्युत तार,बाघला नहर प्रखंड के भोड़ी नहर की पटरी निर्माण में अनियमितता की भी शिकायत दर्ज कराई गई है।

समाधान दिवस के पूर्व बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग जसरा द्वारा आयोजित आठवां पोषण पखवाड़ा में भाग लिया। डीएम प्रयागराज ने जहरा बानो पुत्री मोहम्मद नूर एवं सूरज पुत्र उमेश को अन्न प्रासन्न अपने हाथों कराया एवं उपहार प्रदान किया।इसी प्रकार गर्भवती महिलाओं करुणा देबी पत्नी करन और सुदीपा पत्नी उमेश की गोद भराई की रश्म कर उत्तम स्वास्थ्य की शुभ कामनाएं दिया। इस अवसर पर भारी संख्या में आशा बहुएं एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### सुदामा चरित्र व परीक्षित मोक्ष प्रसंग से भाव-विभोर हुए श्रोता, भक्ति रस में डूबा थानापुर



**सहसों।** सहसों क्षेत्र के थानापुर गांव में मानिक चंद्र द्विवेदी एवं राजेंद्र प्रसाद द्विवेदी मुख्य यजमान के संयोजन में चल रही सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ के विश्राम दिवस पर शनिवार को भक्तिमय वातावरण देखने को मिला। कथा व्यास आचार्य श्री यशोदा नंदन जी महाराज ने अपने अमृतमयी वचनों से सुदामा चरित्र, भागवत सार एवं राजा परीक्षित मोक्ष के मार्मिक प्रसंगों का सुंदर वर्णन कर उपस्थित श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया। कथा व्यास ने सुदामा और भगवान श्रीकृष्ण की सच्ची मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि निःस्वार्थ प्रेम और भक्ति का यह अद्वितीय उदाहरण है, जहां भगवान श्रीकृष्ण ने अपने निर्धन बालसखा सुदामा को गले लगाकर उनकी दरिद्रता दूर की। उन्होंने कहा कि सुदामा का जीवन हमें सच्ची मित्रता और अटूट भक्ति की प्रेरणा देता है। वहीं, राजा परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वर्णन करते हुए उन्होंने बताया कि शुकदेव जी द्वारा सुनाई गई भागवत कथा के प्रभाव से तक्षक नाग के श्राप के बावजूद राजा परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई। यह प्रसंग प्रत्येक सनातनी को भक्ति की शक्ति का बोध कराता है। आचार्य श्री ने कहा कि जब-जब भक्तों पर संकट आता है, तब-तब भगवान स्वयं उनका उद्धार करते हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से आह्वान किया कि वे सुदामा के चरित्र से सीख लेते हुए निःस्वार्थ भक्ति एवं सच्चे जीवन मूल्यों को अपनाएं। कथा के दौरान पूरा पंडाल भक्ति रस में सराबोर रहा और श्रद्धालु प्रसंगों का आनंद लेते नजर आए। विश्राम दिवस पर मुख्य यजमान सहित अन्य भक्तों ने भगवान श्री बांके बिहारी, भागवत भगवान एवं व्यास पीठ की आरती उतारी। इसके पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर अधिवक्ता शिव बाबू द्विवेदी, पूर्व ग्राम प्रधान चंद्रेश नारायण (पिंटू दुबे), डॉ. अनंत मिश्रा, सूर्यकांत त्रिपाठी, रजत द्विवेदी, राम सुख, तीर्थराज, देवराज, रमेश चंद्र, त्रियुगी नारायण, लक्ष्मीकांत, डॉ. संगम लाल, राजेश कुमार द्विवेदी, आनंद मिश्रा, वेदमणि तिवारी, तीरथ राज सिंह, देवराज उपाध्याय, के. बी. सिंह, चिंतामणि शुक्ल, चंद्रधर द्विवेदी, दयाशंकर त्रिपाठी, अनुज मिश्रा एवं पवन कुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु नर-नारी उपस्थित रहे।

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा, सभी सनातनियों को आमंत्रण

**प्रयागराज।** राष्ट्रीय परशुराम सेना (ब्रह्मवाहिनी) प्रयागराज द्वारा विगत वर्षों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी भगवान परशुराम जन्मोत्सव के पावन अवसर पर अक्षय तृतीया के दिन भव्य, विशाल एवं आकर्षक शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह दिव्य शोभायात्रा पत्थर गिरिजाघर, सिविल लाइंस, प्रयागराज से सायं 4:00 बजे प्रारंभ होकर हनुमान मंदिर मार्ग से होते हुए महर्षि भारद्वाज ऋषि की प्रतिमा स्थल, बालसन चौराहे पर संपन्न होगी। शोभायात्रा में भगवान परशुराम की दिव्य झांकियां, धार्मिक प्रस्तुतियां एवं सनातन संस्कृति की भव्य छटा आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कार्यक्रम के समापन उपरांत सभी श्रद्धालुओं एवं उपस्थित जनमानस हेतु प्रसाद स्वरूप भोजन की व्यवस्था भी की गई है। राष्ट्रीय परशुराम सेना (ब्रह्मवाहिनी) प्रयागराज ने समस्त सनातन समाज, श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों से सपरिवार उपस्थित होकर शोभायात्रा में सहभागिता निभाने तथा भगवान परशुराम की दिव्य झांकियों के दर्शन कर आशीर्वाद ग्रहण करने का आग्रह किया है इससे पूर्व राष्ट्रीय परशुराम सेना (ब्रह्मवाहिनी) के राष्ट्रीय अध्यक्ष विमल तिवारी कोरांव में आयोजित परशुराम जयंती कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।यह जानकारी उनके निजी सचिव धीरज मिश्रा ने दी है।

# खेरूवा ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार के आरोपों की आंच तेज

## डीएम की 3 सदस्यीय टीम करेगी मौके पर जांच, लाखों के घोटाले का आरोप

- राज्य बजट योजना में भारी अनियमितता के आरोप
- शिकायतकर्ता को बी.डि.यो सैदाबाद ने नही भेजा सूचना

**अखंड भारत संदेश**

**सैदाबाद।** प्रयागराज जिले के विकास खण्ड सैदाबाद स्थित खेरूवा ग्राम पंचायत में राज्य बजट के विकास कार्यों में भारी वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों ने प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मचा दिया है। ग्राम प्रधान वीरेंद्र सिंह पर राज्य बजट योजनाओं के तहत लाखों रुपये के दुरुपयोग का आरोप है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी प्रयागराज ने तीन सदस्यीय जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर दी है, जो 21 अप्रैल 2026 को गांव में पहुंचकर स्थलीय जांच करेगी।

- हैंडपंप, स्ट्रीट लाइट और निर्माण कार्यों में गड़बड़ी के आरोप*

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ग्राम प्रधान द्वारा विभिन्न विकास कार्यों के नाम पर भारी धनराशि निकाली गई, जबकि जमीनी स्तर पर कार्य अधूरे या संदिग्ध पाए गए।

- हैंडपंप रिबोर के नाम पर ?5 लाख से अधिक खर्च दशार्या गया
- हैंडपंप मरम्मत में ?2.38 लाख का व्यय दिखाया गया
- स्ट्रीट लाइट के लिए ?3 लाख से अधिक की निकासी

इसके अलावा नाली निर्माण, इंटरलॉकिंग, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय निर्माण कार्यों में भी अनियमितताओं के गंभीर आरोप लगे हैं। दस्तावेजों में हेरफेर कर सरकारी धन का दुरुपयोग किया गया, जिसकी विस्तृत जांच अब जिला स्तरीय टीम करेगी।

**जांच टीम को दिए गए स्पष्ट निर्देश**

जांच दल के अध्यक्ष प्रयागराज ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) सैदाबाद को पत्र भेजकर निर्देशित किया है कि ग्राम प्रधान, शिकायतकर्ता दिलीप कुमार प्रजापति एवं संबंधित ग्रामीणों को जांच के समय उपस्थित किया जाए। टीम मौके पर पहुंचकर योजनाओं की वास्तविक स्थिति का सत्यापन करेगी।

**शिकायतकर्ता को बी.डि.यो सैदाबाद ने नही भेजा सूचना**

शिकायतकर्ता दिलीप प्रजापति ने कहा कि कि खंड विकास अधिकारी सैदाबाद द्वारा अभी तक उन्हें जांच से संबंधित कोई सूचना नहीं दी गई है, जबकि जांच की तिथि पहले ही निर्धारित की जा चुकी है।

**जांच के बाद हो सकती है बड़ी कार्रवाई**

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं, तो ग्राम प्रधान के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सकती है।

**21 अप्रैल पर टिकी गांव और प्रशासन की नजरें**

अब पूरे खेरुवा गांव समेत जिला प्रशासन की निगाहें 21 अप्रैल को होने वाली जांच पर टिकी हैं। ग्राम पंचायतों में पारदर्शिता और जवाबदेही की दिशा में भी अहम कदम साबित हो सकती है।

# राम कली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने लहराया परचम




**अखंड भारत संदेश**

**उतरांव।** जनपद प्रयागराज उतरांव थाना क्षेत्र के रामकली पब्लिक स्कूल शाहबाजपुर बरेठी मे अभिनंदन समारोह शनिवार को आयोजित किया गया। पिछले तीन वर्षों से लगातार सीबीएसई कक्षा 10वीं का परिणाम 100% रहा है। हमारे विद्यालय के टॉपर बच्चे अंकिता यादव (92.8%), आयशा बानो (92%) और ओम गुप्ता (91.2%) पाकर अपने माता-पिता विद्यालय का नाम रोशन किया।इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक हरिश्चंद्र सिंह एवं प्रधानाचार्य डॉक्टर कुमार सौरभ छात्र-छात्राओं को माला एवं लड्डू खिलाकर आशीर्वाद दिया। और उन्होंने यह भी कहा की बच्चों की मेहनत और लगन का परिणाम है। स्कूल के गुरु जनों ने अत्यंत प्रसन्नता जाहिर करते हुए बच्चों को आशीर्वाद। सहयोग, समर्थन, प्रोत्साहन और हम पर दिखाए गए विश्वास के लिए हार्दिक धन्यवाद, आभार व्यक्त करता हूं। हम सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को उनकी मेहनत और लगन के लिए बधाई देते हैं। हम अपने शिक्षकों और सहायक कर्मचारियों को भी उनकी मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा के लिए बधाई देता हूं।इस अवसर पर देवराज सिंह, नमृता सिंह, अनुराग सिंह, अमन मौर्या, श्रीमन कुमार मैथी, मानस गुप्ता,अनूप ओझा आदि शिक्षक गण एवं अभिभावक उपस्थित रहे।

# आत्मविश्वास और अभ्यास से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है : अनिरुद्ध सिंह पटेल

**अखंड भारत संदेश**



**जंघई।** सीबीएसई के कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा 2026 के घोषित परिणामों में आरएन पब्लिक स्कूल सेमरी, प्रतापपुर के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पूरे क्षेत्र एवं परिवार का नाम रोशन किया है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि से विद्यालय परिवार एवं बच्चों के घर में हर्ष और गर्व का माहौल व्याप्त है विद्यालय की छात्रा वारी गांव निवासी महेश सिंह एवं मीना सिंह की पुत्री श्रद्धा सिंह ने 98% अंकों के साथ उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, परिवार, क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया। इसी क्रम में शनिवार को जिला महामंत्री गंगापार भाजपा अनिरुद्ध सिंह पटेल, शैलेश यादव ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर, विमलेश पटेल डायरेक्टर उ.प्र. उपभोक्ता सहकारी संघ, दीपक पराशर, विकास इलाहाबादी आदि लोग श्रद्धा के घर पहुंचें और फूल माला, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और उज्जवल? भविष्य की कामना करते हुए उच्च शिक्षा हेतु हर संभव मदद का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अनिरुद्ध सिंह पटेल ने कहा कि सफलता निरंतर प्रयास, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम होती है दृढ़ संकल्प के साथ कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है भविष्य में भी इसी लगन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ते रहें। आत्मविश्वास और निरंतर अभ्यास से हर लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। कार्यक्रम में विनोद मिश्रा, बबलू सिंह राजकुमार मौर्य राजा, विजय प्रताप सिंह, पुष्पराज सिंह, मल्लू सिंह, आदर्श दुबे, मनीष केसरवानी, महेश प्रताप सिंह, अरविंद कुमार सिंह, जोगेंद्र प्रताप सिंह, धर्मराज सिंह, संदीप सिंह, अनुराग सिंह, मोनू साहू, दिव्यांशु सिंह, जितेंद्र प्रताप सिंह, पंकज सिंह, हिटलर सिंह, बृजभान, अनिल साहू, शेषमणि, महेंद्र कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

# नुक्कड़ नाटकों के जरिए महिला स्वावलंबन का संदेश, शहर के चौराहों पर दिखी जागरूकता



**प्रयागराज।** शहर में शनिवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी, लखनऊ की ओर से आयोजित नुक्कड़ नाटकों ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा। ह्यनारी सशक्तिकरण एवं स्वावलंबनह्न विषय पर आधारित इन प्रस्तुतियों के माध्यम से महिलाओं के अधिकारों और आत्मनिर्भरता का संदेश प्रभावी ढंग से दिया गया। कलाकारों ने बंधवा हनुमान मंदिर, कटरा चौराहा, कमला नेहरू अस्पताल और अल्लापुर चौराहा जैसे व्यस्त स्थानों पर नाटक प्रस्तुत किए। रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़े प्रसंगों के जरिए महिलाओं की शिक्षा, रोजगार, आत्मरक्षा और उनके अधिकारों से जुड़े मुद्दों को सरल भाषा में दशार्या गया।

प्रस्तुतियों के दौरान राहगीरों की भीड़ जुट गई और लोगों ने रुककर पूरे नाटक को देखा। कलाकारों के सशक्त अभिनय और संवादों ने दर्शकों को सोचने पर मजबूर किया। कार्यक्रम के बाद कई लोगों ने इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे प्रयास समाज में जागरूकता फैलाने के लिए जरूरी हैं। नाटकों में आशुतोष अग्रवाल, सोनाली शर्मा, सपना कनौजिया, करण और प्रदीप ने अपनी भूमिकाओं से प्रभाव छोड़ा। आयोजकों का कहना है कि आगे भी इसी तरह के कार्यक्रमों के जरिए समाज में सकारात्मक संदेश पहुंचाने का प्रयास जारी रहेगा।

# विश्व विरासत दिवस पर विरासत यात्रा का आयोजन



**प्रयागराज।** विश्व विरासत दिवस के अवसर पर शनिवार को धारा और धरोहर तथा इंटैक प्रयागराज चैप्टर के संयुक्त तत्वावधान में एक विशेष विरासत यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा ऐतिहासिक चंद्रशेखर आजाद पार्क में संपन्न हुई, जिसमें शहर की समृद्ध सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक धरोहरों से प्रतिभागियों को अवगत कराया गया।

यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को विक्टोरिया मेमोरियल, बैंड स्टैंड, पब्लिक लाइब्रेरी तथा इलाहाबाद म्यूजियम की विभिन्न गैलरियों का भ्रमण कराया गया। संग्रहालय में उपस्थित अतिथियों को आर्कियोलॉजिकल कलेक्शन, स्कल्पचर कलेक्शन एवं आजाद गैलरी सहित कई महत्वपूर्ण प्रदर्शनों से रूबरू कराया गया।

इस अवसर पर अतिथियों में डॉ. उर्मी नियोगी, श्लोक रंजन, अलीशा फिलिप्स, अंश मिश्रा, कुहुक कुमार, अनुपम कुमार, राहुल त्रिपाठी एवं सारांश श्रीवास्तव प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में इंटैक के सह-संयोजक अनुपम परिहार तथा धारा और धरोहर के संस्थापक वैभव मैनी एवं आदर्श मालवीय भी उपस्थित रहे। इस दौरान इंटैक के सह-संयोजक अनुपम परिहार ने चंद्रशेखर आजाद की शहादत पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए उनके बलिदान और ऐतिहासिक महत्व की जानकारी प्रतिभागियों को दी। वहीं सचिव वैभव मैनी ने अल्फ्रेड पार्क (वर्तमान चंद्रशेखर आजाद पार्क) की विभिन्न ऐतिहासिक इमारतों एवं उनकी पृष्ठभूमि पर विस्तृत चर्चा की। आयोजकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य युवाओं एवं आमजन को अपनी ऐतिहासिक विरासत से जोड़ना तथा उसके संरक्षण के प्रति जागरूक करना है।

# सीबीएसई बोर्ड की परीक्षा में सिद्धि शुक्ला ने 94% अंक प्राप्त किया



**जंघई।** सीबीएसई कक्षा 10 वीं का परिणाम 15 अप्रैल 2026 को घोषित कर दिया गया है, जिसमें कुल 93.70% विद्यार्थी पास हुए हैं। लड़कियां 94.99% पास प्रतिशत के साथ लड़कों से आगे रहीं। इसी क्रम में आरएन पब्लिक स्कूल सेमरी की छात्रा बरियांवा गांव निवासी सिद्धी शुक्ला ने हाईस्कूल की परीक्षा 94% अंकों के साथ पास किया है। होनहार, प्रतिभाशाली, मेधावी छात्रा सिद्धि शुक्ला की उपलब्धि पर परिजनों एवं परिवार के सदस्यों ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद दिया है।

# प्रयागराज में बढ़ती गर्मी के बीच राहत का भरोसा तेज बहादुर सप्रू हॉस्पिटल पूरी तरह तैयार

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जनपद में लगातार बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए तेज बहादुर सप्रू हॉस्पिटल पहुंचकर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. भावना शर्मा से खास बातचीत की। डॉ. भावना शर्मा ने बताया कि अस्पताल प्रशासन और पूरा स्टाफ मिलकर हीट वेव यानी लू से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी मरीज को किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जाएगी और सभी जरूरी व्यवस्थाएं पहले से ही सुनिश्चित कर ली गई हैं।

**घबराने की जरूरत नहीं, अस्पताल पूरी तरह तैयार**

डॉ. भावना शर्मा ने कहा– प्रयागराज की जनता को घबराने की जरूरत नहीं है। हमारा अस्पताल हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। किसी भी इमरजेंसी में बेली हॉस्पिटल आपके साथ खड़ा है।

**पानी को बनाएं अपना सबसे बड़ा साथी**



डॉ. शर्मा ने लोगों से खास अपील करते हुए कहा–

- प्यास न लगे तब भी लगातार पानी पीते रहें।
- तरबूज, खीरा, ककड़ी जैसे मौसमी फल ज्यादा खाएं।
- बासी खाना और कोल्ड ड्रिंक से दूरी बनाएं।

उन्होंने कहा कि गर्मी में आपकी सतर्कता ही आपका सबसे बड़ा बचाव है।

**बच्चों के लिए खास सलाह**

भीषण गर्मी का असर बच्चों पर ज्यादा पड़ता है, इसलिए अभिभावकों को विशेष सावधानी बरतनी चाहिए–

- स्कूल से बच्चों को लाते समय उनके सिर को कपड़े या टोपी से ढकें।
- धूप में छाते का इस्तेमाल करें।
- बच्चों को समय-समय पर पानी पिलाते रहें।

**हर स्थिति में तैयार अस्पताल**

तेज बहादुर सप्रू हॉस्पिटल में मरीजों की सुविधा के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं और डॉक्टरों की टीम लगातार सतर्क है। हीट स्ट्रोक वार्ड, दवा स्टॉक और 24७7 स्टाफ की तैनाती पूरी है।

भीषण गर्मी के इस दौर में सावधानी और जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है– और किसी भी आपात स्थिति में तेज बहादुर सप्रू हॉस्पिटल आपकी सेवा में पूरी मजबूती से खड़ा है।

# नैनी के इंदलपुर मे नए ट्यूबवेल का लोकार्पण



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में जलकल विभाग नगर निगम प्रयागराज द्वारा 15 वें वित्त आयोग के अंतर्गत वार्ड 1 वार्ड 17 तथा महेवा और इंदलपुर क्षेत्र में निर्मित ट्यूबवेल एवं उससे संबंधित कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। यह परियोजना क्षेत्रवासियों को बेहतर एवं सुचारु पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है जिससे लंबे समय से चली आ रही जल समस्या के समाधान में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर महापौर गणेश केसरवानी, क्षेत्रीय पार्षद अनूप पासी, महाप्रबंधक जलकल कुमार गौरव, पार्षद रण विजय सिंह (डब्बू), दीप चंद्र ह्यमुन्नाह्न प्रधान, बालराज पटेल सहित अन्य सम्मानित कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे क्षेत्र के विकास के लिए उपयोगी बताया।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष और मंत्री के नेतृत्व में नई टीम पारदर्शिता के साथ करें जिम्मेदारियों का निर्वहन : न्यायाधिकारी संतोष वर्मा

## मेजा तहसील परिसर में बार के निर्वाचन अधिकारी आनंद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी और युवा मंत्री मनोज कुमार शुक्ला के साथ कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों और सदस्यों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

**न्यायाधिकारी ग्राम न्यायालय मेजा संतोष कुमार वर्मा ने दिलाई शपथ, बोले हमें उम्मीद है कि नई कार्यकारिणी के पदाधिकारी और सदस्य ईमानदारी पूर्वक करेंगे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन**

(चन्द्रमा प्रसाद/अतुल तिवारी)






नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में मंचासीन अतिथिगण, नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी व युवा मंत्री मनोज कुमार शुक्ला को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाते न्यायाधिकारी संतोष वर्मा, मेजा बार के नई कार्यकारिणि सदस्य और उपाध्यक्ष, उपमंत्री तथा कोषाध्यक्ष को शपथ दिलाते न्यायाधिकारी मेजा

**मेजा।** बार एसोसिएशन मेजा के अध्यक्ष आनंद कुमार पांडेय की अध्यक्षता में शनिवार को मेजा तहसील परिसर में नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ, जिसके मुख्य अतिथि ग्रामीण न्यायालय मेजा के न्यायाधिकारी संतोष कुमार वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि सदस्य विधान परिषद डॉ केपी श्रीवास्तव,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी एवं हाईकोर्ट के अधिवक्ता नीरज त्रिपाठी व मेजा के पूर्व विधायक आनंद कुमार पांडेय (कलेक्टर पांडेय) रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ आमंत्रित अतिथियों,नवनिर्वाचित अध्यक्ष व मंत्री तथा नई कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान से किया गया। तत्पश्चात समारोह के मुख्य अतिथि एवं मेजा ग्रामीण न्यायालय के न्यायाधिकारी संतोष कुमार वर्मा द्वारा सर्व प्रथम बार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत पांडेय और युवा मंत्री मनोज कुमार शुक्ला को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसके बाद कार्यकारिणी अन्य निर्वाचित पदाधिकारी चेहरों गोविंद प्रसाद मिश्र (उपाध्यक्ष), अश्वनी जैन (कोषाध्यक्ष),लाल बहादुर सिंह (उपमंत्री),धर्मपाल दोहरे पुस्तकालयाध्यक्ष और कमल नारायण पांडेय (आय व्यय) के साथ कार्यकारिणी में वरिष्ठ सदस्य के रूप में गुड्डू राम, प्रभंजन कुमार दोहरे, रामकृष्ण, सुरेंद्र नाथ मिश्रा व विजेंद्र कुमार पांडेय तथा कनिष्ठ सदस्य के रूप में अनुपम कुमार मिश्र, दीपक कुमार शुक्ला, शैलेश कुमार यादव,सुनील कुमार और विनोद कुमार मिश्रा को भी पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। समारोह के दौरान ही मुख्य अतिथि न्यायाधिकारी संतोष वर्मा ने नई कार्यकारिणी के सभी सदस्यों और पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र भी दिया और अपने संबोधन में समारोह में मौजूद गणमान्य लोगों,बार के अधिवक्ताओं तथा निर्वाचन अधिकारी आनंद कुमार पांडेय, सहायक निर्वाचन अधिकारी हीरालाल मिश्र (मधुप),निर्वाचन समिति के प्रभारी आशुतोष पांडेय (राजू पांडेय) और सचिव राकेश यादव का आभार जताते हुए कहा कि मुझे विश्वास है कि नवनिर्वाचित अध्यक्ष और मंत्री के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी टीम बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर पूरी निष्ठा और लगन से बार को संचालित करेंगे,क्योंकि बार की बागडोर आप सबके हाथों में है। उन्होंने आगे कहा कि हम उम्मीद करेंगे कि समारोह में पद और गोपनीयता की शपथ लेने बाद आप सभी अपनी जिम्मेदारियों और कर्तव्यों का निर्वहन पूरी पारदर्शिता के साथ करेंगे। इसी क्रम में विशिष्ट अतिथि सदस्य विधान परिषद केपी श्रीवास्तव ने कहा कि मेजा के तमाम प्रतिष्ठित लोग देश और विदेश में बड़े बड़े ओहदों पर बैठे हैं ऐसे में बार का चुनाव शांति पूर्ण ढंग से संपन्न होने में बार के निर्वाचन अधिकारियों और एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय की बड़ी और अहम भूमिका रही है। उन्होंने बार की नई टीम के साथ नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी और मंत्री मनोज कुमार शुक्ला को शुभकामना देते हुए बधाई दिया। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों और सदस्यों को बधाई देते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि आज हमें अपने परिवार के बीच आने का शौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि एक वकील होने के नाते मुझे पता है कि वकालत की राह कितना मुश्किल भरा है,इस पेशे में हर मोड़ पर चुनौतियां हैं फिर भी अपने मुवक्किल का ईमानदारी पूर्वक पक्ष रखना हमारा दायित्व है। उन्होंने तहसील परिसर में लाइब्रेरी और डिजिटल लाइब्रेरी स्थापित किए जाने की अपील बार के नई कार्यकारिणी टीम से किया है। इस मौके पर एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप सिंह,एसीपी मेजा एसपी उपाध्याय,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि गंगा प्रसाद मिश्र,पूर्व विधायक मेजा आनंद कुमार पांडेय (कलेक्टर पांडेय),बार के पूर्व अध्यक्ष देवानंद सिंह पटेल, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, पूर्व अध्यक्ष जटाशंकर शुक्ला, पूर्व ब्लाक प्रमुख मेजा मुन्नन शुक्ला,विहिप अध्यक्ष प. नित्यानंद उपाध्याय,वरिष्ठ अधिवक्ता कृष्णाकांत त्रिपाठी, अधिवक्ता अभिषेक तिवारी, समाजसेवी शेषमणि शुक्ला तथा अधिवक्ता कामेश्वर पटेल आदि के अलावा मेजा बार के कई अन्य जूनियर एवं सीनियर अधिवक्ता व संभ्रांत नागरिक प्रमुख रूप से मौजूद रहे। समारोह की अध्यक्षता बार के निर्वाचन अधिकारी आनंद कुमार पांडेय और संचालन ग्राम पंचायत गड़ेवरा के प्रधान अनिल शुक्ला ने किया।

**शपथ ग्रहण करने के बाद क्या बोले नवनिर्वाचित अध्यक्ष और मंत्री**

मेजा बार एसोसिएशन के सभी जूनियर और सीनियर अधिवक्ताओं के मान सम्मान की रक्षा सुरक्षा के साथ साथ बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

**-श्रीकांत तिवारी, नवनिर्वाचित अध्यक्ष मेजा बार**

मेजा बार को नई ऊंचाइयों पर ले जाना,सभी जूनियर भाइयों के उज्जवल भविष्य और हितों के प्रति एक्टिव रहकर उनका मार्गदर्शन करना और सीनियर गुरुजनों के मार्गदर्शन में रहकर बार और बेंच के बीच मधुर समन्वय स्थापित करते हुए बार का पूरा कार्यकाल के साथ कुशल नेतृत्व करना और नया आयाम देना ही हमारा मूल दायित्व है।

**-मनोज कुमार शुक्ला, नवनिर्वाचित मंत्री मेजा बार**



शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित मेजा बार के जूनियर और सीनियर अधिवक्ता तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक

# भीषण गर्मी के चलते स्कूलों का समय बदला, अब सुबह 7:30 बजे से लगेंगी कक्षाएं

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** जिले में लगातार बढ़ रही गर्मी और लू के प्रकोप को देखते हुए प्रशासन ने कक्षा 1 से 8 तक के सभी विद्यालयों की समय-सारणी में बदलाव कर दिया है। नई व्यवस्था के तहत 20 अप्रैल से स्कूल सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12 बजे तक संचालित किए जाएंगे। जिलाधिकारी के निर्देश पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने आदेश जारी करते हुए बताया कि यह निर्णय बच्चों को तेज धूप और बढ़ते तापमान से सुरक्षित रखने के उद्देश्य से लिया गया है। आदेश जिले के सभी परिषदीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई और अन्य बोर्ड के विद्यालयों पर लागू होगा। अधिकारियों ने सभी विद्यालयों को नई समय-सारणी का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गौरतलब है कि जिले में तापमान लगातार 40 डिग्री सेल्सियस के पार बना हुआ है। दोपहर के समय तेज धूप और लू के कारण जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ऐसे में छोटे बच्चों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है।

प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे बच्चों को गर्मी से बचाव के लिए पर्याप्त पानी पिलाएं और धूप में निकलने से बचाएं।

## बेटे को रेप केस में फंसा बताकर ठगे 90 हजार

**मांडा।** इलाकाई मांडा थाना क्षेत्र में एक पिता से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने उनके बेटे को रेप केस में फंसा बताकर और थाने में बंद होने का झांसा देकर 90 हजार रुपये ऐंठ लिए। पीड़ित पिता ने मांडा थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। मांडा थानांतर्गत हाटा टंगहा गांव निवासी राम बहादुर पटेल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 19 मार्च को उन्हें एक अज्ञात नंबर (7066603718) से फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि उनका बेटा रेप केस में फंस गया है और थाने में बंद है। ठग ने वीडियो कॉल कर उनके बेटे जैसा दिखने वाले एक व्यक्ति को दिखाया और उनसे बात भी करवाई। इससे भयभीत होकर राम बहादुर पटेल ने ठग के कहने पर विभिन्न खाता नंबरों पर 80,000 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके अतिरिक्त, उन्होंने मोबाइल नंबर 7480865580 पर भी 10,000 रुपये भेज दिए। बाद में जब उनके बेटेका फोन आया, तब उन्हें पता चला कि उनके साथ ठगी हुई है। राम बहादुर पटेल ने मांडा थाने पहुंचकर 'डिजिटल अरेस्ट' करने वाले ठगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने और अपने पैसे वापस दिलवाने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित पिता की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## तपती धरती, तपता जीवन, भीषण गर्मी से जूझता चर अचर प्राणी

देश के कई हिस्सों की तरह प्रयागराज समेत उत्तर भारत इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। तापमान लगातार नए रिकॉर्ड छू रहा है और आम जनजीवन पर इसका गहरा असर पड़ रहा है। सुबह से ही तेज धूप और दोपहर तक झुलसा देने वाली हवाएं न सिर्फ लोगों की दिनचर्या को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा बनती जा रही हैं। बता दें भीषण गर्मी में चर अचर प्राणी' अर्थात संपूर्ण जगत के सजीव और निर्जीव, 'चर' का मतलब चलने-फिरने वाले सजीव प्राणी (मनुष्य, पशु-पक्षी) हैं, जबकि 'अचर' का मतलब स्थिर (पेड़-पौधे, पहाड़, नदियां) हैं। गर्मी अब सिर्फ एक मौसमी असुविधा नहीं रह गई है, बल्कि यह एक गंभीर सार्वजनिक समस्या का रूप ले चुकी है। खासकर मजदूर वर्ग, रिक्शा चालक, निर्माण कार्यों से जुड़े श्रमिक और खुले में काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। दूसरी ओर, बच्चे और बुजुर्ग भी लू और डिहाइड्रेशन का आसान शिकार बनते हैं।

चिंता की बात यह है कि हर साल गर्मी का प्रकोप पहले से अधिक तीव्र होता जा रहा है। इसके पीछे जलवायु परिवर्तन, अंधाधुंध शहरीकरण, हरित क्षेत्रों की कमी और जल स्त्रोतों का तेजी से सूखना प्रमुख कारण हैं। शहरों में कंक्रीट का फैलाव ह्यहीट आइलैंडह्व प्रभाव को बढ़ा रहा है, जिससे तापमान और अधिक महसूस होता है।

ऐसे समय में सिर्फ सरकार या प्रशासन पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। यह सामूहिक जिम्मेदारी का विषय है। प्रशासन को जहां एक ओर पर्याप्त पेयजल, छायादार स्थल, स्वास्थ्य सेवाएं और जनजागरूकता अभियान सुनिश्चित करने होंगे, वहीं आम नागरिकों को भी अपनी दिनचर्या में सावधानी बरतनी होगी। पानी का अधिक सेवन, धूप में अनावश्यक बाहर न निकलना और हल्के, सूती कपड़े पहनना जैसे छोटे-छोटे कदम बड़ी राहत दे सकते हैं।

दीर्घकालिक समाधान की दिशा में भी ठोस पहल जरूरी है। अधिक से अधिक पेड़ लगाना, जल संरक्षण को प्राथमिकता देना और पर्यावरण के अनुकूल विकास को बढ़ावा देना ही भविष्य में इस संकट को कम कर सकता है।

भीषण गर्मी एक चेतावनी है—प्रकृति के साथ संतुलन बनाए बिना विकास की दौड़ अंततः मानव जीवन को ही संकट में डाल देगी। अब समय है सजग होने का, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक सुरक्षित और संतुलित पर्यावरण मिल सके।

**अनूप मिश्रा (संपादक)**

## ग्राम पंचायत पड़िला में घर - घर जाकर फार्मर आईडी के लिए किया जागरूक



**अखंड भारत संदेश**

**थरवई।** विकास खंड सोरांव अंतर्गत ग्राम पंचायत पड़िला में खंड विकास अधिकारी सोरांव के निर्देशन में शनिवार को एडिओ आईएसबी भूपेंद्र सिंह यादव के पर्यवेक्षण में ग्राम पंचायत पड़िला में फार्मर रजिस्ट्री को लेकर उनके लाभ हेतु गांव में जाकर उन्हें जागरूक करते हुए उसके लाभ को बताया और कहा सभी किसान इसका लाभ उठायें। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी यशवंत सिंह यादव ने ग्राम पंचायत पड़िला, ग्राम पंचायत बड़नपुर में ग्रामीणों को फार्मर आईडी के लिए पंजीकरण को लेकर बताया। किसानों का एक डिजिटल डेटाबेस है, जो उन्हें 11 अंकों की विशिष्ट किसान आईडी प्रदान करता है इस आईडी में किसान के परिवार, कृषि भूमि के मालिकाना हक, फसल और आधार संबंधी जानकारी शामिल होती है। इसका उद्देश्य पीएम किसान, खाद-बीज सब्सिडी और केसीसी जैसी योजनाओं का लाभ पारदर्शी तरीके से सीधे और आसानी से पहुँचाना है। इस मौक पर ग्राम प्रधान राम अचल यादव, पंचायत सहायक विद्या भारती, मयंक आदि मौजूद रहते हुए 10 लोगों की फार्मर आईडी के लिए पंजीकृत किया गया।

# सहायक आचार्य पुनर्परीक्षा : जिलाधिकारी ने केंद्रों का किया निरीक्षण, पारदर्शिता पर जोर

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** सहायक आचार्य की पुनर्परीक्षा को सकुशल, निष्पक्ष एवं नकलविहीन ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने शनिवार को विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। परीक्षा 18 एवं 19 अप्रैल 2026 को आयोजित की जा रही है।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कर्नलगंज इंटर कॉलेज सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का दौरा किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं केंद्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया कि परीक्षा संचालन में निर्धारित गाइडलाइन का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जाए, ताकि परीक्षा पूरी तरह पारदर्शी और व्यवस्थित तरीके से सम्पन्न हो सके।

जिलाधिकारी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को निर्देश दिया कि वे परीक्षा अवधि के दौरान अपने-अपने क्षेत्रों के केंद्रों पर निरंतर भ्रमणशील रहें और हर गतिविधि पर नजर रखें। साथ ही परीक्षा समाप्ति के बाद सभी परीक्षा सामग्री को सुरक्षित रूप से जमा कराने के निर्देश भी दिए गए।उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर स्थापित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया और कैमरों के माध्यम से की जा रही निगरानी व्यवस्था को परखा। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि परीक्षा की शुचिता और पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई और आवश्यक सुधारों के निर्देश भी दिए गए।

## होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के बच्चों को माला पहनाकर बढ़ाया हौसला

**सोरांव।** सोरांव ब्लॉक अंतर्गत होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल के टॉप - 5 में आने वाले बच्चों को किया गया सम्मानित। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में 10 वीं के नतीजे घोषित होते ही बच्चों के चेहरे पर दिखी खुशी की झलक। इस मौके पर होली चाइल्ड पब्लिक के मैनेजर राम चंद्र यादव ने कहा की आज बच्चों ने शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिभा को दिखाया है काबिल ए तारीफ है। जितनी भी प्रशंसा की जाए कम बच्चों की कड़ी मेहनत और उनकी सच्ची लगन है उसी क्रम में स्कूल की प्रिंसिपल प्रियंका दलाल ने इस सफलता की ढेर सारी बधाई देते हुए कहा की आज के बच्चे ही कल का भविष्य होंगे। इस मौके पर शैलेन्द्र, संतोष वर्मा, सुनील यादव सहित सभी ने विद्यालय परिवार द्वारा ढेर सारी बधाई देते हुए ऐसे ही आगे बढ़ते रहने की मंगल कामना की। टॉप - 5 के रूप में रहे सेराज अहमद 97.6 प्रतिशत, श्लोक 93.33 प्रतिशत, विषय मौर्य 93.33 प्रतिशत, आर्या मिश्रा 92.83 प्रतिशत, नुरैन बानों 90.16 प्रतिशत हासिल कर अपने स्कूल व माता - पिता का नाम गर्व से ऊँचा कर दिया। वहीं बच्चों ने भी इस सफलता का श्रेय अपने शिक्षकों को देते हुआ कहा की आज यह जो सफलता मिली है उनके हमारे शिक्षक गणों का महत्वपूर्ण योगदान है। उनके द्वारा दिए सही मार्गदर्शन व अच्छी शिक्षा ही साफलता की ओर बढ़ाया है।

# नारी शक्ति का सम्मान शब्दों से नहीं बल्कि ठोस निर्णयों और प्रभावी नीतियों से हो : रुचि तिवारी

## नारी सम्मान और महिला अधिकारों को लेकर शिवसेना ने भटौती कोनियां चौराहे पर किया प्रदर्शन,महिला आरक्षण विधेयक को लेकर सपा व कांग्रेस पर किया हमला

**मेजा।** नारी शक्ति के सम्मान और महिला अधिकारों की रक्षा को लेकर शिवसेना ने, एनडीए के सहयोगी दल के रूप में, कांग्रेस व इंडिया गठबंधन के विरोध में सड़कों पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। महिला आरक्षण से जुड़े मुद्दे पर कांग्रेस एवं इंडिया गठबंधन की नीतियों के विरोध में आयोजित इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। शिवसेना के पदाधिकारियों ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे प्रयास ऐतिहासिक हैं, किंतु कांग्रेस पार्टी महिला आरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषय पर लगातार बाधाएं उत्पन्न कर रही है।




सपा और कांग्रेस के विरोध में प्रदर्शन करते शिव सेना पदाधिकारी और कार्यकर्ता

इस अवसर पर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एवं शिवसेना के प्रमुख नेता एकनाथ शिंदे के कुशल मार्गदर्शन में कार्यकताओं ने मेजा क्षेत्र के भटौती कोनिया चौराहे पर कांग्रेस के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए महिला आरक्षण विधेयक को लेकर अपनी नाराजगी व्यक्त की। प्रदेश सचिव श्रीमती रुचि तिवारी ने कहा, ह्ननारी शक्ति का सम्मान केवल शब्दों से नहीं, बल्कि ठोस निर्णयों और प्रभावी नीतियों से होना चाहिए। महिला आरक्षण विधेयक को लंबित रखना महिलाओं के अधिकारों के साथ अन्याय है।जिला प्रमुख यमुनापार शिव उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन में प्रमुख रूप से ललिता देवी, महिमा सिंह, ज्योति बिंद, सोनम निषाद, रमा देवी, अमन तिवारी, विनोद गुप्ता, रोहित शुक्ला, दीपक गौड़, सागर सिंह, सबल तिवारी, सतीश गुप्ता, ब्रह्मेश मिश्रा, मोनू दुबे, शिवान तिवारी, विमलकांत चौबे, बब्बू निषाद, भानु दुबे, दिलीप सोनकर, मोनू शशिकांत, झल्लर भारतीया सोनकर, राजाराम गुप्ता एवं संदीप गुप्ता सहित अनेक कार्यकर्ता एवं महिलाएं उपस्थित रहीं। शिवसेना ने चेतावनी दी कि यदि महिला आरक्षण से संबंधित मुद्दों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया, तो आने वाले समय में आंदोलन को और अधिक व्यापक और तेज किया जाएगा।

## उतरांव पुलिस की बड़ी कार्रवाईः दुष्कर्म के वांछित आरोपी को किया गिरफ्तार

**उतरांव।** पुलिस कमिश्नरेट प्रयागराज के निर्देश पर अपराध और अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना उतरांव पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट से जुड़े मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।मिली जानकारी के अनुसार, थाना मऊ (जनपद चित्रकूट) में दर्ज शून्य एफआईआर के आधार पर मामला थाना उतरांव में स्थानांतरित हुआ था, जिसमें धारा 64(2I)/89 बीएनएस एवं 5(ठ)/6 पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी की तलाश शुरू की।शनिवार सुबह करीब 9:50 बजे थाना उतरांव पुलिस टीम ने ग्राम एकतरा से आरोपी सियाराम बिंद (उम्र लगभग 37 वर्ष) को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी।इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक अवनीश कुमार यादव, उपनिरीक्षक अमित कुमार चौबे एवं कांस्टेबल शमशेर सिंह की अहम भूमिका रही।

# सुंदरम गेस्ट हाउस में आज होगा भगवान परशुराम का भव्य जन्मोत्सव कार्यक्रम क्षेत्र दिग्गज होंगे शामिल

**मेजा।** मेजारोड क्षेत्र में 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन सुबह 10:30 बजे सुंदरम गेस्ट हाउस, विसहिजन कला, मेजा रोड में होगा। आयोजन यमुनापार विकास मंच एवं महर्षि भृगु सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसमें क्षेत्र के कई प्रमुख जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी शामिल होंगे। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। कलेक्टर पाण्डेय (पूर्व विधायक) ने कहा कि ह्लभगवान परशुराम का जीवन हमें सत्य और न्याय के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा देता है। यह आयोजन समाज को एकजुट करने का माध्यम बनेगा। मुन्नन शुक्ला (पूर्व ब्लॉक प्रमुख) ने कहा कि ह्लहम सभी का दायित्व है कि अपनी संस्कृति और परंपराओं को संजोकर रखें। इस आयोजन में सभी की भागीदारी जरूरी है। इंद्रदेव राजेश शुक्ला ह्यराजू भैयाह्व ने कहा कि ह्लभगवान परशुराम जी का जीवन हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। यह जन्मोत्सव न केवल हमारी आस्था का प्रतीक है, बल्कि समाज में एकता, भाईचारा और संस्कारों को मजबूत करने का भी अवसर है। मैं क्षेत्र के सभी सम्मानित नागरिकों से आग्रह करता हूं कि वे परिवार सहित अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाएं और कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएं। सुशील मिश्रा (अधिवक्ता उच्च न्यायालय) ने कहा कि परशुराम जी का आदर्श आज भी प्रासंगिक है। समाज में नैतिक मूल्यों को मजबूत करने के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं।




आशीष मिश्रा (सचिव, महर्षि भृगु सेवा ट्रस्ट) ने कहा कि कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हम चाहते हैं कि यह आयोजन भव्य और अनुकरणीय बने। बाबा तिवारी ह्यसर्वेशह्व (अध्यक्ष, यमुनापार विकास मंच) ने कहा कि ह्लयह सिर्फ धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि सामाजिक एकता का प्रतीक है। सभी वर्गों को इसमें शामिल होना चाहिए।

# जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत, मासूम बेटे की हालत गंभीर





अखंड भारत संदेश

पट्टी। पारिवारिक कलह में विवाहिता ने खुद तो जहर खाया ही साथ ही अपने 10 वर्षीय बेटे को भी वही जहर खिला दिया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालत गंभीर होने पर दोनों को प्रयागराज रेफर कर दिया गया, जहां पर विवाहिता को मृत घोषित कर दिया गया जबकि बच्चे का इलाज चल रहा है। सपहाछात गांव निवासी शमला (31) पत्नी सुनील वर्मा ने शुक्रवार रात करीब 12 बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। उसने अपने बेटे आर्यन (10) को भी जहरीला पदार्थ खिला दिया। घटना के बाद परिवार में अफरा-तफरी मच गई। मृतका के मायके पक्ष का आरोप है कि शमला का विवाह वर्ष 2016 में हुआ था। शादी के लगभग एक वर्ष बाद से ही पति-पत्नी के बीच लगातार विवाद चलता था। घरेलू कलह और मानसिक तनाव के कारण वह लंबे समय से परेशान रहती थी। इसी तनाव में उसने यह आत्मघाती कदम उठा लिया। शमला के दो बेटे आर्यन (10) और क्रिश (8) है। पति सुनील रोजी-रोटी के सिलसिले में ट्रक चलाता है। शनिवार सुबह करीब 4 बजे मायके पक्ष को घटना की सूचना मिली। सूचना मिलते ही परिजन बेटी के ससुराल पहुंचे और गंभीर हालत में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पट्टी ले गए। वहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर किया गया। बाद में उसे एसआरएन अस्पताल प्रयागराज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने शमला को मृत घोषित कर दिया। वहीं मासूम आर्यन का इलाज प्रयागराज में जारी है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे मायके पक्ष के लोग शव को लेकर गांव पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई अभय राज का कहना है कि घरेलू कलह और ससुराल पक्ष की प्रताड़ना के चलते उसकी बहन ने यह कदम उठाया। उनका आरोप है कि शादी के बाद से ही उसे लगातार मानसिक रूप से परेशान किया जा रहा था। कोतवाल आनंद पाल सिंह ने बताया कि मायके पक्ष की ओर से तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## इकलौते बेटे इंजीनियर की मौत से घर में मचा कोहराम

### मुंबई के एक निजी अस्पताल में चल रहा था इलाज



बेलखरनाथ धाम। इकलौते बेटे की इलाज के दौरान मुंबई के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं अचानक इस घटना से इलाके में शोक की लहर दौड़ पड़ी। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के मोलनापुर गांव निवासी घनश्याम तिवारी के छोटे भाई जगदीश तिवारी का इकलौता बेटा सौरभ तिवारी इंजीनियर था और टाटा कंपनी मुंबई में कार्यरत था। एक सप्ताह पहले उसके अचानक सिर में दिक्कत हो गई। परिजन उसे इलाज के लिए मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। होनहार युवक की मौत से पूरा इलाका स्तब्ध है। मृतक की शादी तय हुई थी।

### शार्टसर्किट से दुकान में आगजनी, लाखों का सामान हुआ खाक

प्रतापगढ़। शार्टसर्किट से दुकान में आगजनी के चलते लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सांगीपुर थाना क्षेत्र के घुइसरनाथ धाम न्यू मार्केट निवासी शिवरतन साहू ने कास्मेटिक जनरल स्टोर खोल रखा है। शुक्रवार को देर रात उसके परिवार के श्रवण कुमार घर से बाहर आया तब बगल में दुकान से धुंआ उठता देख चीख पड़ा। परिवार के सदस्य के साथ दुकान को खोला गया तब भयंकर आग देखकर वह आवाक रह गया। पीड़ित के मुताबिक शार्टसर्किट से दुकान में आगजनी से लाखों के कीमती सामान जलकर राख हो गये। वहीं आसपास के लोगों ने मशक्कत कर किसी तरह आग पर नियंत्रण किया।

## न्यूज झरोखा

### भूसा रखने को लेकर हुआ विवाद, चार घायल

पट्टी। कोतवाली क्षेत्र के धनगढ़ सराय छिवलहा गांव में शुक्रवार शाम भूसा रखने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते हिंसक झड़प में बदल गया। पड़ोसियों के बीच हुई इस मारपीट में सास-बहू समेत चार लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष ने आरोप लगाया है कि हमलावरों ने एक किशोर का गला दबाकर जान से मारने की भी कोशिश की। गांव निवासी रेनू देवी, पत्नी राजकुमार यादव, ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि शुक्रवार शाम करीब 7 बजे वह अपने घर के अंदर भूसा रख रही थीं। इसी दौरान पड़ोसी अपने परिवार के अन्य सदस्यों के साथ उनके दरवाजे पर आ धमके और गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर-शराबा सुनकर मौके पर पहुंची उनकी बहुएं आरती और मंजू भी हमलावरों के निशाने पर आ गईं और उन्हें भी बेरहमी से पीटा गया। वहीं, बीच-बचाव करने पहुंचे नाती आदित्य के साथ आरोपियों ने मारपीट करते हुए उसका गला दबा दिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना के बाद घायल पक्ष ने देर रात पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और पूरे घटनाक्रम की पड़ताल की जा रही है।पुलिस का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है, जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### परशुराम जयंती यात्रा को लेकर प्रशासन ने की बैठक

पट्टी। परशुराम जयंती पर उडैयाडीह से प्रारंभ होकर पट्टी कस्बे में भ्रमण एवं हनुमान मंदिर पर भंडारा कार्यक्रम की ब्यवस्था को लेकर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देश पर पट्टी कोतवाल आनंदपाल सिंह ने राम सेना के प्रभारी प्रवीण मिश्रा से बैठक कर सुरक्षा ब्यवस्था एवं तैयारियों की जानकारी ली। बैठक में कोतवाल ने यात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने की बात कही। यात्रा मुख्य चैराहे से होते हुए उड़ैयाडीह मोड और कस्बे के अंदर भ्रमण करेगी। इस दौरान भारी संख्या में लोग गाजे बाजे के साथ यात्रा को प्रारंभ करेंगे।बैठक में मुख्य रूप से दिनेश तिवारी, संतोष पांडे, राजूतिवारी, महाजन, आशीष आदि मौजूद रहे।राम सेना के प्रभारी प्रवीण मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक को आमंत्रण पत्र, बुके व गमछा पहनाया। कोतवाल आनंद पाल सिंह,दरोगा कमलेश यादव व अन्य पुलिस कर्मियों को भी सम्मानित किया गया।

### चार आरोपियों के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट का मुकदमा

लालगंज। जमीनी विवाद को लेकर विपक्षियों द्वारा पीड़िता व उसके परिवार के सदस्यों को घर में घुसकर मारने पीटने व तोडफोड को लेकर पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट व तोडफोड का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के परसपुर निवासी कालीचरन की पत्नी सरिता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि सत्रह अप्रैल की रात लगभग नौ बजे वह अपने पुत्र रवि व पुत्री अंतिमा के साथ घर पर निर्माण कार्य कर रहे थे। इस बीच विपक्षी गांव के शिवचरन पुत्र श्रीराम, सविता पत्नी शिवचरन, पूर्णिमा व अर्पणा पुत्रीगण शिवचरन निर्माण कार्य रोकने को लेकर धमकी दी गयी। कारण पूछने पर आरोप है कि विपक्षियों ने गालीगलौज करते हुए ईट पत्थर से हमला कर दिया। बचाव के लिए पीड़िता व उसके परिवार के सदस्य घर के अंदर भागे तब आरोपियो द्वारा घर के अंदर घुसकर भी मारपीट की गयी। विपक्षियो के हमले में पीड़िता व उसके बेटे रवि तथा अंतिमा को चोटें आ गयी। शोर मचाने पर आरोपियो द्वारा घर में आलमारी व पंखा आदि में तोडफोड की गयी। आरोपियों ने शिकायत करने पर पीड़िता को जानलेवा धमकी भी दी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि केस दर्ज किया गया है। जांच कर आरोपियों के खिलाफ कडी कार्रवाई की जाएगी।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक सौ तैंतालिस में तेरह का हुआ निस्तारण

लालगंज। सम्पूर्ण समाधान दिवस में एक सौ तैंतालिस प्रार्थना पत्रों में तेरह का निस्तारण हुआ। एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा की अध्यक्षता में हुए समाधान दिवस में सर्वाधिक शिकायतें राजस्व विभाग की अठासी, पुलिस चैबीस, विकास आठ, बेसिक शिक्षा एक, विद्युत आठ व आपूर्ति की तीन रहीं। समाधान दिवस में विद्युत विभाग के स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर आ रहे बिल की शिकायतें ज्यादा दिखीं। एसडीएम ने एसडीओ विद्युत को इनका परीक्षण कराकर निस्तारण के निर्देश दिये। वहीं सार्वजनिक चकमार्गो तथा तालाबी अराजी पर अतिक्रमण की भी शिकायतें दिखी। एसडीएम ने तहसीलदार गरिमा वर्मा को लेखपाल के क्षेत्रवार निरीक्षण कराकर अवैध अतिक्रमण को हटवाए जाने के कडे निर्देश दिये। समाधान दिवस में सीओ आशुतोष मिश्र ने पुलिस से जुडी शिकायतों की सुनवाई की। लीलापुर निवासी रवीन्द्र कुमार मिश्र ने सीओ को दिये गये प्रार्थना पत्र में बीती सत्रह अप्रैल को दिन में स्कूल से घर वापस आते समय अपने पुत्र शिवांश के साथ मारपीट को लेकर प्रार्थना पत्र दिया। सीओ ने लीलापुर के प्रभारी निरीक्षक को घटना की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिये। इस मौके पर नायब तहसीलदार वीरेन्द्र मिश्र, ईओ इन्द्र प्रताप, वन क्षेत्राधिकारी एसपी मिश्र, पूर्ति निरीक्षक अमित शुक्ल, एसडीओ विद्युत आशुतोष कुमार, अधीक्षक डा0 अरविन्द गुप्ता आदि रहे।

## मारपीट के मामले में दोनों पक्ष से 13 पर मुकदमा दर्ज

पट्टी। कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव में हुए मारपीट प्रकरण में पुलिस ने सख्त कार्रवाई करते हुए दोनों पक्षों के 13 आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई रुर चैकी इंचार्ज विजय कुमार यादव की तहरीर पर की गई। बताया जाता है कि गांव में किसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मार-पीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी तक पहुंच गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस जांच के बाद हुसैन खान, तबस्सुम निशा, मुख्तार, हसन खान, हाशमी, रताबुल निशा, इस्लाम, अबरार, सोनू, नन्हे, कबड्डी और गोलू समेत कुल 13 लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाल आनंदपाल सिंह ने बताया कि मारपीट की सूचना पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंची थी। चैकी इंचार्ज की तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत लाभार्थी को मिले दो लाख के चेक




अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बैंक द्वारा मृतक आश्रित को दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। स्थानीय भारतीय स्टेट बैंक के शाखा प्रबंधक बृजेशमणि त्रिपाठी ने लालगंज के सलेम भदारी निवासी भण्डारी लाल गुप्ता की मृत्यु पर इस बीमा योजना के तहत मृतक की वारिस गंगा देवी को बैंक की ओर से दो लाख रुपए का चेक प्रदान किया। शाखा प्रबंधक ने ग्रामीणों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभों की जानकारियां भी प्रदान की। इस मौके पर सरिता सिंह, विनोद कुमार, यश, शिवम, प्रतिभा, जया, सरफराज, निखिल व अजय आदि रहे।

## पंचायत मतदाता सूची का जनसामान्य के लिये 10 जून को होगा अन्तिम प्रकाशन

प्रतापगढ़। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) शिव सहाय अवस्थी ने बताया है कि राज्य निर्वाचन आयोग उ0प्र0 लखनऊ की संशोधित अधिसूचना द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतो की निर्वाचक नामावली का वृहद पुनरीक्षण कराये जाने हेतु समय सारिणी जारी की गयी है। उन्होने बताया है कि दिनांक 21 अप्रैल से 28 मई तक मतदाताओं के डिडुप्लीकेशन एवं कम्प्यूटरीकरण की कार्यवाही, 29 मई से 09 जून तक कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्रध्स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदान स्थलों के वार्डो की मैपिंग, एसवीएन आवंटन, मतदात सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि किये जायेगें। दिनांक 10 जून 2026 को निर्वाचक नामावलियों का जन सामान्य के लिये अन्तिम प्रकाशन किया जायेगा। निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान पड़ने वाले सार्वजनिक अवकाश दिवसो में सम्बन्धित कार्यालय खुले रहेगें तथा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण का कार्य पूर्ण कराया जायेगा।

## राजस्व व पुलिस टीम ने तालाब की जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त



अखंड भारत संदेश

### बुलडोजर चलाकर हटाया गया वर्षों पुराना अवैध कब्जा, ग्रामीणों ने की सराहना

पट्टी। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव में प्रशासन ने तालाब की जमीन पर वर्षों से किए गए अवैध अतिक्रमण को हटा दिया। इस दौरान राजस्व विभाग की टीम में नायब कृपा शंकर, तहसीलदार पवन और लेखपाल सौरभ चैरसिया शामिल रहे। मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की गंभीरता से जांच की। वहीं थाना प्रभारी राकेश कुमार चौरसिया ने पुलिस बल के साथ मोर्चा संभालते हुए कार्रवाई को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराया।

प्रशासन ने बुलडोजर की मदद से तालाब की जमीन पर किए गए अवैध निमार्णों को ध्वस्त कर दिया, जिससे तालाब की मूल भूमि को दोबारा अतिक्रमण मुक्त कराया जा सका। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस कड़ी कार्रवाई की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई से न केवल सरकारी संपत्तियों की सुरक्षा होगी, बल्कि गांव के प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण भी सुनिश्चित होगा। यह अभियान सरकार की ह्लअतिक्रमण मुक्त अभियानह्व नीति को जमीन पर उतारने का एक मजबूत उदाहरण बनकर सामने आया है। प्रशासन ने संकेत दिए हैं कि भविष्य में भी ऐसे अवैध कब्जों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## संविधान में न्याय, स्वतंत्रता और समानता का संगम : सिविल जज शांभवी

### अधिवक्ता परिषद ने बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य में किया संगोष्ठी

अखंड भारत संदेश



प्रतापगढ़। बंधुत्व की भावना के बिना न्याय, स्वतंत्रता और समानता का लक्ष्य प्राप्त नहीं किया जा सकता।बाबा साहेब ने बंधुत्व को सामाजिक जीवन में एकता और एकजुटता का आधार माना था।उक्त उद्गार शनिवार को जिला बार के सभागार में बाबा साहब डॉ भीमराव रामजी अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में अधिवक्ता परिषद अवध प्रतापगढ़ ईकाई द्वारा आयोजित न्याय स्वतंत्रता और समानता को प्राप्त करने में बंधुत्व का महत्व पर संगोष्ठी को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए सिविल जज सीनियर डिवीजनध सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्रीमती शांभवी द्वितीय ने कही। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान में न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व का संवैधानिक त्रिमूर्ति के रूप में समावेश है। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर व मां भारती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण एवं वंदेमातरम से किया गया। तदुपरांत परिषद के पदाधिकारियों ने अतिथियों को प्रतीक चिन्ह,अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जिला बार के महामंत्री रवीन्द्र सिंह ने बाबा साहेब को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने कमजोर वर्ग के उत्थान व कल्याण के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया।इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल डीजीसी सिविल राम केवल वर्मा ने कहा कि भारतीय संविधान के शिल्पी,भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का जीवन और संघर्ष आज भी एक न्यायपूर्ण,समान और सशक्त भारत के निर्माण की सबसे मजबूत प्रेरणा है। इस मौके पर परिषद की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य किरन बाला सिंह,मंत्री रुप नारायण सरोज, वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक सिंह सहित आदि ने अपने- अपने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष मनोज सिंह ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने शिक्षा और सम्मान का वह मार्ग दिखाया, जिसने असमानता की जड़ों को चुनौती दी। कार्यक्रम का संचालन कर रहे अधिवक्ता परिषद के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल ने भी ज्ञान संघर्ष और दृढ़ संकल्प से समाज में समानता और न्याय की नींव रखने वाले महान व्यक्तित्व बाबा साहब को नमन किया। अंत में दीवानी न्यायालय के कर्मचारी संतोष, सुभाष, वीरेंद्र व विजय को अतिथियों द्वारा अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया।तदुपरांत राष्ट्रगान के साथ ही कार्यक्रम का समापन किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कोषाध्यक्ष भरत लाल वैश्य, मंत्री विनीत शुक्ल, उदित गिरी, दीपू सिंह, ममता पाण्डेय, परमानंद मिश्र, उपाध्यक्ष जया शर्मा, आशीष सिंह, पंकज चैधरी, अभिनव सिंह, विशेष लोक अभियोजक पाक्सो निर्भय सिंह, रामकृष्ण मिश्र, अशोक, अतुल सिंह, विनोद शर्मा, राजकुमार, रमेश सहित सैकड़ों अधिवक्ता मौजूद रहे।

## हैंडपंप पर कचरा फेंकने के विवाद में मारपीट, युवक घायल

पट्टी। कोतवाली क्षेत्र के कुम्हिया मोहल्ले में हैंडपंप पर गंदगी करने के विवाद को लेकर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित ने पड़ोसियों पर पिटाई करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।मोहल्ला कुम्हिया निवासी अब्दुल अली ने शनिवार की दोपहर कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उनके पड़ोसी अक्सर हैंडपंप के पास कचरा और गंदगी फैलाते हैं, जिससे वहां रहने वाले लोगों को काफी परेशानी होती है।अब्दुल अली का कहना है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया और गंदगी न करने की बात कही, तो पड़ोसी आगबबूला हो गए। आरोप है कि इसी बात को लेकर उन्होंने युवक की पिटाई कर दी और जान से मारने की धमकी भी दी।घटना के बाद पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।

## सेंट जेवियर्स स्कूल में मेधावी छात्रों का हुआ सम्मान

अखंड भारत संदेश



पट्टी। सेंट जेवियर्स स्कूल पट्टी में शनिवार को सीबीएसई बोर्ड कक्षा 10 की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले 20 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित इस सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि श्री हनुमान रामलीला समिति के अध्यक्ष दिनेश बहादुर सिंह उर्फ बुदुल सिंह ने बच्चों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।मुख्य अतिथि दिनेश बहादुर सिंह ने सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों के कठिन परिश्रम, अनुशासन और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पण का परिणाम है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता का सबसे मजबूत आधार है।विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष जैकब ने कहा कि विद्यार्थियों के निरंतर प्रयास और अभिभावकों के सहयोग से ही यह उपलब्धि संभव हो सकी है। उन्होंने सभी छात्रों को आगे भी इसी लगन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।विद्यालय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले आदित्य मिश्रा के साथ अखिल पटेल, यशवीर, अंशिका यादव, अनस मौर्य, उत्कर्ष, ओमपाल, आर्या शुक्ला, आर्यन, अर्चिता मिश्रा, एन्सन समेत अन्य छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अरुण कुमार, सतीश श्रीवास्तव, बिन्सी मैम, बिजी मैम सहित कई अभिभावक और शिक्षकगण उपस्थित रहे। समारोह का माहौल उत्साह और गौरव से भरा रहा।

## मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग व मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना हेतु करें आवेदन

प्रतापगढ़। जनपद के बेरोजगार युवाओं और पारंपरिक कारीगरों को स्वरोजगार से जोड़ने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना का संचालन शुरू कर दिया गया है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि दोनों योजनाओं के लिए जनपद को लक्ष्य प्राप्त हो चुका है और आवेदन प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से जारी है। मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों के लाभार्थियों को अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 4 प्रतिशत से अधिक ब्याज पर सब्सिडी दी जाएगी, जबकि अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक, महिलाएं, दिव्यांग एवं भूतपूर्व सैनिकों को ब्याज की पूर्ण धनराशि अनुदान के रूप में प्रदान की जाएगी। चयन प्रक्रिया समिति एवं स्कोर कार्ड के आधार पर होगी। इसी क्रम में मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना के तहत प्लास्टिक उत्पादों के विकल्प के रूप में मिट्टी के उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए अधिकतम 10 लाख रुपये तक ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। योजना में 25 प्रतिशत तक अनुदान का प्रावधान है, जबकि 5 प्रतिशत अंशदान लाभार्थी को स्वयं करना होगा। इस योजना में भी चयन प्रक्रिया स्कोर कार्ड के आधार पर निर्धारित की गई है। दोनों योजनाओं के लिए आवेदकों की आयु 18 से 50 वर्ष निर्धारित की गई है।

## बीस अप्रैल को जारी होगी संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव की अंतिम सूची

लालगंज। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव को लेकर अन्तिम सूची के प्रकाशन पर शनिवार को चुनाव समिति द्वारा गहन विचारविमर्श किया गया। बैठक में अंतरिम सूची के परीक्षण में कुछ नामों के सापेक्ष मूल अभिलेख के परीक्षण का निर्णय लिया गया। समिति ने अंतिम सूची के प्रकाशन को सत्यापन प्रक्रिया पूर्ण होने के तहत अब बीस अप्रैल को जारी करने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल व संचालन महामंत्री वीरेन्द्र सिंह ने किया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने समिति को बार काउन्सिल के द्वारा चुनाव को लेकर दिशा निर्देश को कडाई से प्रभावी बनाए जाने को कहा। बैठक में शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, रामलगन यादव, शैलेन्द्र चतुवेर्दी, संतोष पाण्डेय शामिल रहे।

## डीएम एवं एसपी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी शिकायतें, 8 शिकायतों का हुआ निस्तारण

### शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से करें : डीएम

अखंड भारत संदेश



प्रतापगढ़। जिलाधिकारी शिव सहाय अवस्थी की अध्यक्षता में तहसील सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 117 फरियादी अपनी समस्याओं के निस्तारण हेतु उपस्थित हुये जिनमें से राजस्व विभाग की 8 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल प्राप्त 117 शिकायतों में से 74 शिकायतें राजस्व विभाग से, पुलिस विभाग से 06, विकास विभाग से 04, विद्युत विभाग से 02 एवं 31 अन्य विभागों से सम्बन्धित शिकायते प्राप्त हुई। पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों को पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर द्वारा सुना गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में शिकायतकर्ता हरिकेश बहादुर सिंह निवासी महुली माधोगंज ने शिकायत किया कि गाटा संख्या 325 का संक्रमणीय सहभूमिधर है और मौके पर काबिज दाखिल है, गाटा संख्या 325 का एक पारिवारिक बंटवारा हो चुका है तथा बंटवारे के हिसाब से सभी पक्ष काबिज है तथा निर्माण भी बना लिये है, गाटे में प्रार्थी का 1ध2 भाग है परन्तु द्वितीय पक्ष द्वारा प्रार्थी को भूमि पर निर्माण व पिलर नहीं गाड़ने दे रहे और अवरोध उत्पन्न कर रहे है इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी सदर को निर्देशित किया कि राजस्व व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम बनाकर जांच करायी जाये एवं प्रकरण का निस्तारण कराया जाये। शिकायतकर्ता बच्चा सिंह निवासी राजगढ़ ने शिकायत किया कि प्रार्थी व अन्य लोग इस समय पेयजल संकट से गुज रहा है, प्राथी का इण्डिया मार्का हैण्डपम्प दो माह से खराब हो गया है, इसे ठीक नहीं कराया जा रहा है, रिबोर कराना अति आवश्यक है, इस प्रकरण पर जिलाधिकारी ने खण्ड विकास अधिकारी सदर को आवश्रूक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया। डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे शिकायतकताओं की शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें और समयबद्ध तथा गुणवत्तापूर्ण तरीके से शिकायतों का निपटारा करें, जिसमें शिकायतकर्ता की संतुष्टि सबसे महत्वपूर्ण है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि शिकायतों के निपटारे में किसी भी प्रकार की अनदेखी या लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अधिकारियों को प्राप्त सभी शिकायतों का समय पर और सही तरीके से समाधान करने के निर्देश दिये गये। उन्होने निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में जो भूमि संबंधी मामले हैं उसमें राजस्व तथा पुलिस की संयुक्त टीम गठित करके मौके पर भेजकर निस्तारण कराएं। उन्होंने कहा कि शासन का सख्त निर्देश है की जमीन संबंधी मामलों को तत्काल निस्तारण कराएं। कोई भी गरीब व्यक्ति किसी कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान दिया जाये। इस अवसर पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि पुलिस विभाग से सम्बन्धित शिकायतों का निर्धारित समय-सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए तथा शिकायतकताओं की समस्याओं को विनम्रता से सुनते हुए निष्पक्ष जांच कर पीड़ित को न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर अनुष्का शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़क किनारे खड़े बालक बालिका को तेज रफ्तार डंपर ने रौंदा दोनों की मौत

अखंड भारत संदेश

## मृतक दोनों बालक बालिका रिश्तेदार है दोनों परिवार में मचा कोहराम



**महेवाघाट कौशांबी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के टहेरा गांव के पास शनिवार की दोपहर को सड़क किनारे वाहन का इंतजार कर रहे बालक और बालिका को तेज रफ्तार डंपर ने रौंद दिया है जिससे दुर्घटना स्थल पर दोनों की दर्दनाक मौत हो गई है बालक बालिका दोनों आपस में रिश्तेदार हैं घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ लग गई मामले की सूचना पुलिस को दी गई है मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है हादसे के बाद दोनों परिवार में कोहराम मचा है और रोते बिलखते दोनों परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए हैं। जानकारी के मुताबिक चित्रकूट जनपद के रैपुरा थाना क्षेत्र के अकोरा माफी गांव की अंशिका उम्र लगभग 16 वर्ष पुत्री अवध बिहारी की रिश्तेदारी पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के टहेरा गांव निवासी अरविन्द सिंह पटेल के घर पर है अंशिका अपने रिश्तेदार अरविंद सिंह के घर आई हुई थी और शनिवार के दोपहर को अरविंद सिंह पटेल उम्र 22 वर्ष पुत्र ज्ञान सिंह पटेल और अंशिका उम्र 16 वर्ष पुत्री अवध बिहारी दोनों सड़क के किनारे खड़े होकर किसी वाहन का इंतजार कर रहे थे इसी बीच अचानक तेज गति डंपर चालक ने बालक बालिका दोनों को रौंद दिया है जिससे घटनास्थल पर दोनों की दर्दनाक मौत हो गई है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस को दी गई दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस फोर्स घटना स्थल पर पहुंची है दुर्घटना में दो लोगों की मौत की जानकारी मिलते ही दोनों परिवार में कोहराम मच गया है और रोते बिलखते दोनों परिवार के लोग पहुंच गए हैं पुलिस ने दोनों मृतकों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है घटनास्थल पर कोहराम मचा हुआ है दो लोगों की मौत को लेकर इलाके में तमाम तरह की चर्चाएं हो रही है।

## पुलिस अधीक्षक ने की जनसुनवाई, फरियादियों की समस्याओं को सुना एवं समाधान हेतु दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**कौशांबी** पुलिस कार्यालय कौशाम्बी में पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण द्वारा दिनांक 17.04.2026 को आमजनमानस की समस्याओं के प्रभावी निस्तारण हेतु जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए, जिन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना गया मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं शाखा प्रभारियों को मौके पर जाकर त्वरित और निष्पक्ष जांच करने के निर्देश दिए। उन्होंने शिकायतों का निस्तारण केवल कागजी न होकर गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए,जिससे पीड़ित व्यक्ति को वास्तविक न्याय और राहत मिल सके। सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक शिकायत को समयबद्ध तरीके से निस्तारित किया जाए।

## न्यूज झरोखा

### एक साल पहले हुई शादी विवाहिता की संदिग्ध मौत, पुलिस जांच में जुटी



**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के थुलगुला गांव के मजरा उसरैन में 21 वर्षीय विवाहिता सोनाली पत्नी निशांत उर्फ अमन की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत से इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही गांव में लोगों की भीड़ जुट गई और परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार सोनाली की शादी करीब एक वर्ष पूर्व हुई थी और वह संयुक्त परिवार में अपनी सास के साथ रहती थी,जबकि उसके पति और ससुर दोनों पंजाब में प्राइवेट नौकरी करते हैं। घटना के समय सास देवीगंज दवा लेने गई हुई थी,इसी दौरान घर में सोनाली की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।सूचना पर थाना सैनी पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। क्षेत्राधिकारी सिराथू व प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकीनाथ पांडे मौके पर मौजूद रहे और उन्होंने जांच-पड़ताल शुरू कराई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, ताकि मौत के सही कारणों का पता लगाया जा सके।पुलिस द्वारा परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध माना जा रहा है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच जारी है।फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है,रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले का खुलासा हो सकेगा।

### कोलकाता जा रहे लोगों की कार ट्रक से टकराई 4 गंभीर घायल



**कोखराज कौशांबी** दिल्ली से अटिर्गा कार में सवार होकर कोलकाता जा रहे चार लोगों की गाड़ी कोखराज थाना क्षेत्र के हनुमान मंदिर कासिया के पास तेज रफ्तार ट्रक से सामने से टकरा गई है टक्कर इतनी जोरदार थी कि आटिर्का कार सवार सभी लोग घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई मौके पर पहुंची एंबुलेंस चालक रवि कुमार और महेश कुमार ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया जहां सभी का इलाज चल रहा है। जानकारी के मुताबिक पश्चिम बंगाल के कोलकाता के कोंडा निवासी पिंकी दास पुष्पा दास प्रियंका दास भोजन दास पुत्र बबलू दास दिल्ली में किराए की अटिर्गा कार लेकर पूरे परिवार के साथ शनिवार को कोलकाता जा रहे थे जैसे ही अटिर्गा कार सवार कोखराज थाना क्षेत्र के हनुमान मंदिर कासिया के पास पहुंचे ट्रक से सामने से टकरा गए हैं इस दुर्घटना में आटिर्गा कार सवार सभी लोग घायल हो गए हैं दुर्घटना देखकर आसपास के लोगों ने मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दिया है मौके पर पहुंचे एंबुलेंस कर्मियों ने चारों घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है

### उप जिलाधिकारी ने ग्राम-समसपुर में भूमि विवाद की 04 शिकायतों का मौके पर कराया निस्तारण




**कौशांबी** एसडीएम चायल अरुण कुमार ने ह्वटॉप 10 भूमि विवादों का मौके पर समाधानह्व अभियान के अंतर्गत शनिवार को ग्राम-समसपुर में कैम्प आयोजित कर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भूमि विवाद से संबंधित 04 शिकायतों का ग्राम स्तर पर ही त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराया राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा शिकायतकर्ता अनूप कुमार, महेश कुमार,शिवमूरत एवं रमेश कुमार के शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया उप जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि भविष्य में भी इसी प्रकार संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ जनता की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### बोलोरो की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवक घायल



**कोखराज कौशांबी** कोखराज थाना क्षेत्र के डीडी आर पब्लिक स्कूल महेश पुर के पास तेज रफ्तार ब्लोरो ने स्कूटी सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दिया है जिससे स्कूटी सवार दोनों युवक सड़क पर गिर पड़े और गम्भीर घायल हो गए है दुर्घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और सूचना पुलिस को दी सूचना मिलते ही मौके पर एसओ कोखराज चन्द्र भूषण मौर्य पहुंचे और घायलों को नजदीकी अस्पताल में भती कराया हैं एक व्यक्ति की हालत गंभीर है खबर लिखे जाने तक गम्भीर घायल ब्यक्ति की पहचान नही हो सकी।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की दर्दनाक मौत



**महेवा घाट कौशांबी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के दानपुर मार्ग पर शनिवार शाम तेज रफ्तार वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा इतना भीषण था कि युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के मुताबिक सैनी कोतवाली क्षेत्र के फरीदपुर रहेन निवासी श्रवण कुमार उम्र 24 वर्ष पुत्र हरीनाल लाल अपने रिश्तेदार के गांव मद्दौली गए थे। शनिवार की शाम करीब सात बजे वह मद्दौली से बाइक से घर लौट रहे थे। तभी पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र में दानपुर रोड के बीच तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि श्रवण कुमार बाइक समेत सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।हादसे की सूचना मिलते ही पश्चिम शरीरा थाना अध्यक्ष हरीश तिवारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया अज्ञात वाहन की तलाश शुरू कर दी गई है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## पत्रकारों की फरियाद सुनने के लिए पुलिस कप्तान नहीं थे तैयार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक पत्रकार के साथ थानेदार द्वारा अमानवीय व्यवहार किए जाने के बाद आक्रोशित पत्रकार धरना प्रदर्शन करते हुए पुलिस कार्यालय पहुंचे और सराय अकिल थानेदार पर कार्यवाही की मांग को लेकर पुलिस अधीक्षक से मिलना चाहते थे लेकिन पुलिस अधीक्षक समाधान दिवस में मौजूद थे जिससे मुलाकात नहीं हुई इसी बीच पुलिस कार्यालय के पीआरओ और क्षेत्राधिकारी को पत्रकारों को समझने के लिए लगाया गया लेकिन पत्रकार पुलिस अधीक्षक से मिलने की बात करते रहे पत्रकारों के धरना प्रदर्शन की जानकारी मिलने के बाद मंझनपुर कोतवाल भी पहुंच गए और उन्होंने कहा कि पत्रकार ज्ञापन दे दे पुलिस अधीक्षक को पहुंचा दिया जाएगा लेकिन पत्रकारों ने कहा कि वह पुलिस अधीक्षक से मिलकर ही अपनी बात रखेंगे उसके बाद पुलिस अधीक्षक समाधान दिवस से वापस आए गेट पर मौजूद पत्रकारों से उन्होंने बात नहीं किया और किनारे से कार्यालय के अंदर चले गए फिर भी पत्रकारों को पुलिसकर्मियों द्वारा समझाया जाता रहा कि वह अपनी बात बताए लेकिन पत्रकारों ने कहा कि वह अपनी फरियाद पुलिस अधीक्षक से करेंगे उसके बाद अपर पुलिस अधीक्षक पहुंचे कि पत्रकार उन्हें अपनी समस्या बता दे लेकिन पत्रकारों ने कहा कि अपनी बात वह पुलिस अधीक्षक से बताएंगे काफी देर तक धरना देने और नारेबाजी के बाद सीओ और कोतवाल ने पुलिस अधीक्षक को स्थिति से अवगत कराया उसके काफी देर बाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय से बाहर आए और पत्रकारों से वार्ता किया है उन्होंने थानेदार के अमानवीय बर्ताव पर जांच कराकर कार्यवाही का भरोसा दिया और कहा कि 24 घंटे का समय दिया जाए मामले की जांच कर कार्यवाही करेंगे पत्रकारों की फरियाद सुनने के लिए पुलिस अधीक्षक तैयार नहीं दिखाई पड़ रहे थे।

## पुलिस की खबर का पत्रकारों ने किया बहिष्कार

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र की एक पत्रकार के साथ थानेदार द्वारा अमानवीय बर्ताव किया जाने के बाद 5 दर्जन आक्रोशित पत्रकारों ने न्यू प्लस क्लब के अध्यक्ष विमलेश शुक्ला और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया क्लब के अध्यक्ष अली मुक्तजा के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय में जोरदार धरना प्रदर्शन किया है और काफी देर इंतजार करने के बाद पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर थानेदार पर कठोर कार्रवाई की मांग की है इसके बाद पत्रकारों ने निर्णय लिया है कि वह पुलिस विभाग की खबरों और पुलिस की वार्ता का बहिष्कार करेंगे।

## सराय अकिल थाना क्षेत्र के 6 स्थान से प्रतिदिन विक्र रहा लाखों रुपए का गांजा

**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के छह स्थानों पर खुले आम दुकान सजाकर मादक पदार्थ गांजा की बिक्री माफियाओं द्वारा प्रतिदिन की जाती है इलाके के सराय अकिल कस्बे में दो स्थान पर बेनीराम कटरा चौराहे पर एक स्थान कनैली बाजार में एक स्थान और पुरखास के इसी का पुरवा में एक स्थान और नेवादा ब्लॉक क्षेत्र के बाजार में एक स्थान पर दुकान खोलकर खुलेआम गांजा की बिक्री प्रतिदिन हो रही है बताया जाता है कि इन दुकानों के बीच प्रतिदिन लाखों रुपए का गांजा बिक रहा है जहां गांजा पीने के शौकीन आसानी से पहुंचते हैं और उन्हें गांजा की पुड़िया मिल जाता है हालांकि पुलिस विभाग से लेकर आबकारी विभाग तक गांजा के माफियाओ से वसूली से इंकार करती है तो फिर सवाल उठता है कि गांजा माफियाओं को संरक्षण कौन दे रहा है यह बड़ी जांच का विषय है और मामले में अधिकारियों ने जांच कराई तो गांजा माफियाओं की काली करतूत का खुलासा होगा और जिम्मेदारों की संलिप्तता उजागर होगी लेकिन क्या बेरोकटोक बेखौफ तरीके से माफियाओं के गांजा बिक्री पर रोक लगेगी और गांजा बिक्री को संरक्षण देने वालों पर कार्रवाई होगी यह व्यवस्था पर सवाल खड़ा है एक तरफ पुलिस अधिकारियों का कहना है कि संगठित अपराध में संलिप्तता पाए जाने पर थानेदारों पर कार्रवाई होगी लेकिन सराय अकिल थाना क्षेत्र में खुले आम छह स्थानों से गांजा की बिक्री लंबे समय से होने के बाद थानेदार पर कार्यवाही नहीं हुई है।

## पत्रकार के साथ अमानवीय व्यवहार किए जाने के विरोध में पत्रकारों ने किया धरना प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश



**कौशांबी।** सराय अकिल थाना क्षेत्र के एक पत्रकार के साथ सराय अकिल थानेदार में 3 दिन पहले अमानवीय व्यवहार किया था पुलिस कर्मियों को भेज कर पत्रकार को थानेदार ने पकड़वा लिया थाने में गाली गलौज किया उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया जिसका ऑडियो वीडियो भी सोशल मीडिया में लगातार वायरल हो रहा है सराय अकिल थानेदार के अमानवीय व्यवहार से नाराज जिले के पांच दर्जन पत्रकारों ने न्यू प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमलेश शुक्ला और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अध्यक्ष अली मुक्तजा के नेतृत्व में डायट मैदान में एकत्रित हुए और धरना प्रदर्शन नारेबाजी करते हुए पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे हैं जहां सराय अकिल थानेदार पर कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया है पुलिस अधीक्षक ने 24 घंटे की मोहलत मांगी और आश्वासन दिया है कि दोषी पर कठोर कार्यवाही की जाएगी इस दौरान सुशील केसरवानी धारा सिंह यादव एन डी तिवारी महेंद्र शुक्ला उत्तम मिश्रा रजनीश तिवारी ओम प्रकाश मिश्रा जैगम अब्बास पंकज केशरवानी अशोक केशरवानी रमेश सिंह मनोज सिंह योगेंद्र सिंह अमित शुक्ला इंतजार रिजवी सुनील पाण्डेय अनुराधा यादव गणेश अग्रहरि रवींद्र अग्रहरि मथुरा प्रसाद द्विवेदी अजय कुमार धर्मेंद्र सोनकर मोहम्मद खादिम हिमांशु मिश्रा संजय सिंह ध्यान सिंह विपिन तिवारी अनुराग पांडेय संदीप सिंह मनोज मौर्य पिंटू यादव प्रमोद मिश्रा विवेक त्रिपाठी आलोक मिश्रा विवेक मिश्रा अली अहमद पंकज तिवारी दीप शेखर अंकित मिश्रा राहुल पटेल राकेश कुमार जितेन्द्र सिंह तिलक चौधरी महेश कुमार लवेश उमेश मोनू शर्मा अशोक कुमार हासिम खान नवेद खान दीपू श्रीवास्तव संजय वर्मा हर्षित मिश्रा अमित उपाध्याय विनोद पांडे जय महेन्द्र कुमार त्रिपाठी रमेश अकेला मानसिंह, सलमान अरशद मामू सहित पांच दर्जन पत्रकार मौजूद रहे।

## न्याय की आस लेकर 97 फरियादी पहुंचे समाधान दिवस में केवल 6 शिकायत का हुआ निस्तारण

समाधान दिवस में समस्याओं के समाधान के लिए तीनों तहसीलों में लगाए गए थे सैकड़ो अधिकारी

डीएम एवं पुलिस अधीक्षक ने तहसील मंझनपुर में सुनी जनशिकायतें

अखंड भारत संदेश



**कौशाम्बी।** जिले के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को किया गया। जिलाधिकारी डॉ. अमित पाल एवं पुलिस अधीक्षक सत्य नारायण प्रजापत ने तहसील मंझनपुर में जनशिकायतों को सुनकर सम्बन्धित अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण व समयान्तर्गत निस्तारित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने राजस्व से सम्बन्धित शिकायतों पर राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर जाकर शिकायत को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को तहसील दिवस में प्राप्त शिकायतों को गम्भीरता से लेते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारित करने के निर्देश देते हुए कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि कोई भी शिकायत लम्बित न होने पाये। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त प्राथर्ना पत्रों पर संबंधित अधिकारियों को ऑनलाइन आवेदन कराकर पात्रता की स्थिति में लाभान्वित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड भी प्रदान किया सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। तहसील चायल में कुल 18 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 01 शिकायत का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया तथा तहसील सिराथू में कुल 38 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।

## पत्रकार के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले थानेदार के विरोध में खबर लिखने का किसका है साहस!

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी।** सराय अकिल थानेदार का एक वीडियो ऑडियो तीन दिनों से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है जिसमें वह पत्रकार के साथ अमानवीय व्यवहार कर रहे हैं थानेदार का यह वीडियो तेजी से सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है इसी मामले को लेकर पांच दर्जन पत्रकार शनिवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया है अब सवाल उठता है कि पत्रकार के साथ अमानवीय व्यवहार करने वाले सराय अकिल थानेदार के विरोध में लिखने का साहस कौन करेगा थाना क्षेत्र में आधा दर्जन स्थानों पर यमुना नदी में बालू के अवैध घाट का संचालन कर बालू खनन हो रहा है जिसमें करोड़ों रुपए बालू की अवैध तरीके से निकासी होती है अवैध बालू घाट में थानेदार की साझेदारी है लेकिन किसका साहस है कि थानेदार के खिलाफ खबर लिख देगा इलाके के छह स्थान पर खुलेआम मादक पदार्थ गांजा की बिक्री हो रही है संगठित अपराध के धंधे के बढ़ने के बाद किसकी औकात है कि थानेदार के खिलाफ लिख देगा इलाके में बिना लाइसेंस और बिना परमिट के कई आरा मशीन संचालित हो रही है हालांकि किसकी औकात है जो थानेदार के खिलाफ लिख देगा इलाके में फलदार हरे पेड़ों के कटान के लिए दजर्नों लकड़ी माफिया पेट्रोलिंग आरा मशीन लेकर प्रतिदिन लकड़ी की कटान करते हैं लेकिन किसकी औकात है कि थानेदार के खिलाफ लिख देगा पूरी रात बालू के ओवरलोड वाहनों से पुलिसिया वसूली होती है लेकिन किसकी औकात है कि थानेदार के खिलाफ लिख देगा ओवरलोड बालू लेकर चलने वाले बालू वाहनों से महीने के नाम पर 3000 रुपए प्रत्येक बालू वाहनों से एंट्री फीस की वसूली इलाके में होती है सूत्रों की माने तो ओवरलोड बालू वाहनों से एंट्री फीस के नाम पर करोड़ों रुपए महीने की वसूली थानेदार के क्षेत्र में हो रही है लेकिन किसकी औकात है जो थानेदार के खिलाफ लिख देगा इसके अलावा भी सराय अकिल थाना क्षेत्र में संगठित अपराधों की लंबी लिस्ट है लेकिन किसकी औकात है जो थानेदार के खिलाफ लिख देगा।

## सराय अकिल थानेदार के साइबर ठगी के खुलासे में झोल ही झोल

अखंड भारत संदेश

धन्य है सराय अकिल थाना पुलिस देश के अलग-अलग राज्यों से 100 लोगों से ठगी करने वाले से बरामदगी के नाम पर 4000 रुपए लोगों को नहीं हो रही हजम

**कौशांबी।** सराय अकिल थानेदार ने साइबर ठगी के एक बड़े गिरोह का खुलासा किया है इस गिरोह का नेटवर्क देश के अलग-अलग राज्यों में मौजूद है जो लोगों से ऑनलाइन ठगी कर रहा है कौशांबी जनपद के रहने वाला दो सगे भाई गिरोह के सरगना है एक भाई फुरकान पुत्र जाहिद को थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है और उसके मोबाइल से सैकड़ो लोगों के साथ ठगी का सबूत पुलिस के हाथ लगे हैं इस बात का खुलासा पुलिस अधीक्षक ने प्रेस वार्ता के दौरान किया है और सराय अकिल थानेदार के खुलासा की तारीफ की है लेकिन देश के अलग-अलग राज्यों में सैकड़ो लोगों से ठगी करने वाले इस गिरोह के सदस्य से साढ़े चार हजार रुपए लगभग सराय अकिल थाना पुलिस ने किया है थाना पुलिस की यह कार्यवाही ऊंट के मुंह में जीरा साबित हो रही है सवाल उठता है कि जिस साइबर ठग ने देश के अलग-अलग राज्यों में सैकड़ो लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की है साइबर ठगी करने वाले व्यक्ति के पास से लगभग साढ़े चार हजार रुपए बरामद करके थाना पुलिस ने कौन सी तीरंदाजी की है सराय अकिल पुलिस का यह खुलासा लोगों को हजम नहीं हो रहा है हालांकि खुलासा के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया है साइबर ठगी के इस खुलासा में सराय अकिल पुलिस के कारनामे की यदि पुलिस अधिकारियों ने सूक्ष्म जांच कराई तो सराय अकिल पुलिस की करतूत उजागर होगी।

## ब्रिटिश हुकूमत के आतंक अत्याचार को पीछे छोड़ जुल्म ज्यादती पर उतारू है सराय अकिल थानेदार

अखंड भारत संदेश

### सराय अकिल थानेदार के कारनामे से फिर एक बार पुलिस वर्दी हुई शर्मसार

**कौशांबी** सराय अकिल थानेदार के आतंक अत्याचार से इलाके के जनता त्राहि त्राहि कर रही है खुलासे के नाम पर सराय अकिल थानेदार केवल नाटक कर रहे हैं जिससे क्षेत्र में अपराधी और अपराध बढ़े हैं बढ़ते अपराध से आम जनता परेशान हैं संगठित अपराध के धंधे में शामिल माफियाओं का बोलबाला है जिन पर कार्यवाही नहीं हो रही है बल्कि संगठित अपराध के माफियाओ से वसूली कर उनके धंधे को बढ़ावा दिया जा रहा है।

बीते दिनों बालू के अवैध खनन की शिकायत करने से बौखलाए थानेदार ने एक पत्रकार को पुलिस कर्मियों से उसके घर से बलपूर्वक उठवा लिया जिस तरह अपहरण करने वाले लोग घटना को अंजाम देते है उसी तरह सराय अकिल थाना पुलिस ने पत्रकार को उठवा लिया बालू घाट की शिकायत से बौखलाए थानेदार ने पत्रकार पर इस कदर से जुल्म ज्यादती अत्याचार किया कि ब्रिटिश हुकूमत के आतंक अत्याचार की याद ताजा हो गई है थाना के अंदर पत्रकार पर कम्बल डाल कर पत्रकार को थाना के पुलिसकर्मियों द्वारा जल्लाद की तरह लाठियों से पीटा गया है पत्रकार को 8 मिनट में सैकड़ो गाली सराय अकिल थानेदार ने दे दी इतना ही नहीं सराय अकिल थानेदार पत्रकार के साथ अमानवीय कृत्य की बात करते हैं जिसका ऑडियो वीडियो भी तेजी से वायरल हो रहा है इसी मामले को लेकर पत्रकारों ने शनिवार को पुलिस कार्यालय में धरना प्रदर्शन भी किया है अब सवाल उठता है कि एक तरफ योगी सरकार भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की बात करती है अपराध अत्याचार से आम जनता को निजात दे कर योगी सरकार सुशासन की बात करती है और उन्हीं के सरकार में सराय अकिल के थानेदार पत्रकार के साथ अमानवीय बात करते हैं और 8 मिनट में सैकड़ो बार मां बहन की गाली दे कर अपराधियों माफियाओं को भी पीछे छोड़ दिया है ब्रिटिश हुकूमत की तरह जुल्म ज्यादती अत्याचार करके सराय अकिल थानेदार पूरी कानून व्यवस्था और पुलिस वदी को शर्मसार कर रहे हैं 3 दिन बीत जाने के बाद मामले की जांच के नाम पर सीओ जांच नहीं पूरी कर सके हैं और पुलिस अधीक्षक से मिलने के बाद अत्याचारी थानेदार पर कार्यवाही नहीं हुई है।

## सम्पादकीय

# नए ऐतिहासिक मोड़ पर न्यायपालिका

**दिल्ली** के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और दिल्ली हाईकोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के बीच हुआ संवाद न्यायिक और राजनीतिक गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। कथित आबकारी घोटाला मामले में 21 मार्च 2024 को प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया था। मई से सितंबर 2024 के बीच उन्हें अंतरिम जमानत मिली और अंततः रिहाई हुई। लगभग दो साल बाद फरवरी 2026 में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने सबूतों की कमी के कारण अरविंद केजरीवाल को तमाम आरोपों से बरी कर दिया। लेकिन प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई इस फैसले से सहमत नहीं हैं। उनका मानना है कि अदालत ने सबूतों का सही मूल्यांकन नहीं किया, इसलिए उन्होंने इस आदेश को दिल्ली हाईकोर्ट में चुनौती दी है। लेकिन हाईकोर्ट में जस्टिस स्वर्ण कांता शर्मा की बेंच के समक्ष मामला जाने से श्री केजरीवाल ने असंतोष दिखाया। अरविंद केजरीवाल अपनी पैरवी खुद कर रहे हैं और इस सोमवार उन्होंने जस्टिस शर्मा के सामने ही यह मांग रखी कि वे खुद को इस मुकदमे अलग करें।

अदालत में अरविंद केजरीवाल ने तर्क दिया कि जस्टिस शर्मा ने ऐसे कार्यक्रमों में हिस्सा लिया है जो भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े संगठनों द्वारा आयोजित किए गए थे, जिससे उनके मन में न्याय मिलने को लेकर आशंका पैदा होती है कि उन्हें निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिलने का डर है। श्री केजरीवाल ने कहा कि कानून के अनुसार केवल 'पूर्वाग्रह की उचित आशंका' ही किसी जज के केस से हटने के लिए पर्याप्त आधार है। उन्होंने जज के 'रिक्यूजल' यानी खुद को मामले से अलग करने के सिद्धांत पर सुप्रीम कोर्ट के एक फैसले का जिक्र किया जिसके अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि यह जरूरी नहीं है कि कोई जज पक्षपाती हो, लेकिन अगर पार्टियों के मन में कोई वाजिब शक है तो यह रिक्यूजल का मामला बनता है।

इस बारे में सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायाधीश स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुरक्षित रखते हुए कहा, 'मैंने खुद को सुनवाई से अलग रखने यानी रिक्यूजल से जुड़े कानून के बारे में बहुत कुछ सीखा। मेरी जिंदगी में पहली बार किसी ने मुझसे खुद को सुनवाई से अलग रखने के लिए कहा है। लेकिन मैंने इसके बारे में बहुत कुछ सीखा। मुझे उम्मीद है कि मैं एक अच्छा फैसला दे पाऊंगी।'

अब गुरुवार को अरविंद केजरीवाल ने एक और नया हलफनामा अदालत में दाखिल किया है, जिसमें साफ कहा गया है कि जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा के दोनों बच्चे केंद्रीय सरकारी पैनलों में हैं, यानी वरिष्ठ अधिवक्ता और मोदी सरकार के सॉलीसीटर जनरल तुषार मेहता के अधीन काम कर रहे हैं। तुषार मेहता उन्हें मामले सौंपते हैं। ऐसी स्थिति में माननीय जज के लिए तुषार मेहता के खिलाफ कोई आदेश पारित करना कठिन होगा। इसलिए अन्य कारणों के साथ-साथ, माननीय न्यायाधीश को इस मामले से स्वयं को अलग कर लेना चाहिए। हलफनामे में दावा किया गया है कि चूंकि केंद्र सरकार इस मामले में एक पक्ष है, इसलिए इससे निष्पक्ष सुनवाई प्रभावित हो सकती है।

# अक्षय तृतीया पर्व है लोक से लोकोत्तर की दिव्य यात्रा




-: ललित गर्ग:-

**अक्षय** तृतीया महापर्व का न केवल सनातन परम्परा में बल्कि जैन परम्परा में विशेष महत्व है। इसका लौकिक और लोकोत्तर-दोनों ही दृष्टियों में महत्व है। अक्षय शब्द का अर्थ है कभी न खत्म होने वाला। संस्कृत में, अक्षय शब्द का अर्थ है ह्यसमृद्धि, आशा, खुशी, सफलताह्न, जबकि तृतीया का अर्थ है ह्यचंद्रमा का तीसरा चरणह्न। इस त्यौहार के साथ-साथ एक अबूझा मांगलिक एवं शुभ दिन भी है, जब बिना किसी मुहूर्त के विवाह एवं मांगलिक कार्य किये जा सकते हैं। विभिन्न सांस्कृतिक एवं मांगलिक ढांचों में ढले अक्षय तृतीया पर्व में हिन्दू-जैन धर्म, संस्कृति एवं परम्पराओं का अनूठा संगम है। इस प्रकार अक्षय तृतीया पर किए गए कार्यों जैसे जप-तप, यज्ञ, पितृ-तर्पण, दान-पुण्य आदि का साधक को अक्षय फल प्राप्त होता है। भगवान आदिनाथ ने ही सबसे पहले समाज में दान का महत्व समझाया था, इसलिए इस दिन पर जैन धर्म के लोग आहार दान, ज्ञान दान, औषधि दान करते हैं। रास्ते चाहे कितने ही भिन्न हों पर इस पर्व त्यौहार के प्रति सभी जाति, वर्ग, वर्ण, सम्प्रदाय और धर्मों का आदर-भाव अभिन्नता में एकता का प्रिय संदेश दे रहा है। आज के युद्ध, आतंक, आर्थिक प्रतिस्पर्धा एवं अशांति के समय में संयम एवं तप की, भौतिकता एवं आध्यात्मिकता की अक्षय परम्परा को जन-जन की जीवनशैली बनाने की जरूरत है।

अक्षय तृतीया यह केवल एक तिथि नहीं, बल्कि भारतीय चेतना की उस अखंड धारा का प्रतीक है, जो जीवन को क्षणभंगुरता से उठाकर ह्यअक्षयताह्न की ओर ले जाती है। ह्यअक्षयह्न अर्थात जो कभी क्षीण न हो, जो निरंतर प्रवहमान रहे, ऐसी ही भावना का यह पर्व है, जो हमारे लौकिक व्यवहार से लेकर लोकोत्तर साधना तक, हर स्तर पर गहन अर्थ रखता है। यह दिन केवल शुभारंभ का नहीं, बल्कि आत्मारंभ का भी दिन है। भारतीय परंपरा में अक्षय तृतीया को ह्यअबूझ मुहूर्तह्न कहा गया है-अर्थात ऐसा समय, जिसमें किसी विशेष गणना या ज्योतिषीय विचार की आवश्यकता नहीं होती। यह स्वयं ही शुभता का पर्याय है। यही कारण है कि इस दिन विवाह, गृहप्रवेश, व्यापारारंभ जैसे अनेक मांगलिक कार्य बिना किसी संकोच के सम्पन्न किए जाते हैं। यह विश्वास केवल आस्था नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक अनुभव का परिणाम है, जिसने इस दिन को ह्यसर्वसिद्धिदायकह्न मान्यता प्रदान की है।

लौकिक दृष्टि से देखें तो अक्षय तृतीया भारतीय अर्थव्यवस्था और श्रम-संस्कृति से गहराई से जुड़ी हुई है। यह दिन किसानों के लिए नई आशा का संदेश लेकर आता है। प्राचीन काल में राजाओं द्वारा श्रेष्ठ किसानों को बीज भेंट करने की परंपरा केवल सम्मान का प्रतीक नहीं थी, बल्कि कृषि को राष्ट्र की आत्मा मानने का सजीव प्रमाण थी। यह विश्वास कि इन बीजों से उत्पन्न अन्न कभी समाप्त नहीं होगा, दरअसल उस श्रम और प्रकृति के समन्वय पर आस्था थी, जो भारतीय जीवन का आधार है। कुम्हारों, शिल्पकारों, पशुपालकों-विशेषकर बैलों के लिए भी यह दिन विशेष महत्व रखता है। यह पर्व हमें यह स्मरण कराता है कि सृजन, श्रम और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता ही समृद्धि का वास्तविक आधार है। किन्तु अक्षय तृतीया का वास्तविक सौंदर्य उसके लोकोत्तर आयाम में प्रकट होता है, जहाँ यह पर्व आत्मशुद्धि, तप और साधना का महापर्व बन जाता है। जैन परंपरा में यह दिन विशेष रूप से पूज्य है, क्योंकि इसका संबंध प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव के जीवन की एक अत्यंत महत्वपूर्ण घटना से जुड़ा हुआ है। यह वह दिन है, जब दीर्घकालीन तपस्या के उपरांत उनका पारणा हुआ, एक ऐसा क्षण, जिसने तप को तृप्ति और साधना को पूर्णता प्रदान की।

कथा के अनुसार, जब भगवान ऋषभदेव ने राजपाट त्यागकर संन्यास धारण किया, तब एक वर्ष से अधिक समय तक उन्हें उचित आहार नहीं मिला। यह केवल भौतिक अभाव नहीं था, बल्कि उस युग की सामाजिक अपरिपक्वता का द्योतक था, जहाँ लोग ह्यअहिंसक आहारह्न और ह्यसंयमित जीवनह्न की अवधारणा से अनभिज्ञ थे। अंततः हस्तिनापुर में राजकुमार श्रेयांस ने उन्हें इक्षुरस अर्पित कर उनकी तपस्या का पारणा कराया। उस क्षण ह्यअहोदानम्, अहोदानम्ह्न की ध्वनि गूंजी, यह केवल एक आह्लाद नहीं, बल्कि उस ऐतिहासिक चेतना का उद्घोष था, जिसने दान, संयम और साधना को एक नई दिशा दी। यही कारण है कि अक्षय तृतीया जैन साधकों के लिए ह्यवर्षीतपह्न जैसे महान तप-अनुष्ठानों का पूणार्हुति दिवस है। एक वर्ष तक एकान्तर उपवास करने वाले साधक इस दिन पारणा करते हैं। यह तप केवल शरीर को कष्ट देने का साधन नहीं, बल्कि आत्मा को निर्मल करने की प्रक्रिया है। यह हमें सिखाता है कि भोग से नहीं, त्याग से जीवन अक्षय बनता है।

अक्षय तृतीया का आध्यात्मिक संदेश अत्यंत गहन है। यह हमें बताता है कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल संसाधनों का संचय नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि है। भारतीय संस्कृति में ह्यआत्माह्न को सर्वोपरि सत्य माना गया है, और उसकी खोज को जीवन की सर्वोच्च साधना। यह पर्व उसी खोज का निमंत्रण है, एक ऐसा निमंत्रण, जो हमें बाह्य जगत से भीतर की यात्रा पर ले जाता है। ऋषभदेव का जीवन इस संदर्भ में अत्यंत प्रेरणादायक है। ह्यऋषभह्न शब्द का एक अर्थ बैल भी है-जो श्रम, धैर्य और स्थिरता का प्रतीक है और दूसरा अर्थ है तीर्थंकर-जो आत्मोद्धार और लोकमंगल का मार्ग प्रशस्त करता है। इस प्रकार उनका जीवन भौतिक और आध्यात्मिक-दोनों आयामों का अद्भुत समन्वय है। उन्होंने समाज को कृषि, शिल्प, व्यापार जैसी जीवनोपयोगी विधाएं दीं, और साथ ही आत्मा की मुक्ति का मार्ग भी दिखाया। यही समग्रता अक्षय तृतीया के दर्शन में भी झलकती है।

आज के संदर्भ में यह पर्व और भी प्रासंगिक हो उठता है। जब मानव जीवन भौतिक उपलब्धियों की दौड़ में उलझा हुआ है, तब अक्षय तृतीया हमें संतुलन का पाठ पढ़ाती है। यह हमें याद दिलाती है कि केवल भौतिक समृद्धि से जीवन पूर्ण नहीं होता। यदि भीतर शांति नहीं, तो बाहरी वैभव भी निरर्थक है। और यदि भीतर संतोष है, तो सीमित साधनों में भी जीवन अक्षय बन सकता है। यह पर्व हमें यह भी सिखाता है कि साधना केवल मठों और आश्रमों तक सीमित नहीं है। यह जीवन की प्रत्येक क्रिया में संभव है, यदि उसमें सजगता, संयम और समर्पण का भाव हो। एक किसान जब श्रद्धा से बीज बोता है, एक कुम्हार जब मिट्टी को आकार देता है, एक गृहस्थ जब ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करता हैकृतब वह भी एक प्रकार की साधना ही कर रहा होता है। अक्षय तृतीया का सांस्कृतिक महत्व भी अत्यंत व्यापक है। यह पर्व भारतीय जीवन की उस समन्वयकारी दृष्टि का प्रतीक है, जिसमें भौतिकता और आध्यात्मिकता विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। यहाँ अन्न का भी सम्मान है और आत्मा का भी। यहाँ श्रम का भी महत्व है और ध्यान का भी। यही संतुलन भारतीय संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है। व्यक्तिगत स्तर पर यह दिन आत्ममंथन का अवसर प्रदान करता है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम अपने जीवन में झांकें, क्या हमारा जीवन केवल उपभोग में व्यतीत हो रहा है, या उसमें कोई उच्च उद्देश्य भी है? क्या हम केवल संग्रह कर रहे हैं, या कुछ त्याग भी कर पा रहे हैं? क्या हम केवल बाहर की दुनिया को संवार रहे हैं, या भीतर की दुनिया को भी प्रकाशित कर रहे हैं?

अक्षय तृतीया हमें यह संदेश देती है कि यदि हम अपने जीवन में तप, संयम और सेवा को स्थान दें, तो हमारा जीवन भी ह्यअक्षयह्न बन सकता है। यह अक्षयता केवल धन या वस्तुओं की नहीं, बल्कि पुण्य, शांति और आत्मिक संतोष की होती है, जो कभी समाप्त नहीं होती। आज आवश्यकता है कि हम इस पर्व को केवल औपचारिकता तक सीमित न रखें, बल्कि इसके गूढ़ संदेश को अपने जीवन में उतारें। यदि इस दिन हम एक संकल्प लें, संयम का, सेवा का, साधना का, तो यह दिन वास्तव में हमारे जीवन में परिवर्तन का सूत्रधार बन सकता है। अंततः अक्षय तृतीया एक ऐसी पावन गंगा है, जिसमें तप की धारा, संस्कृति की सुवास, श्रम की गरिमा और आत्मा की पवित्रताकृंसस एक साथ प्रवाहित होती हैं। जो इस धारा में स्नान करता है, वह केवल बाह्य रूप से नहीं, बल्कि भीतर से भी निर्मल हो जाता है। यही इस पर्व की सर्वोच्च उपलब्धि है, और यही इसका सनातन संदेश कि जीवन को अक्षय बनाना है, तो उसे तप, त्याग और आत्मबोध से आलोकित करना होगा।

# यह वह मगध है, जिसे तुम मेरी तरह गंवा चुके हो!

– सर्वमित्रा सुरजन



**इस** बात पर इत्मीनान किया जा सकता है कि नीतीश कुमार अपनी बात के पक्के निकले, मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ दी, लेकिन पलटी नहीं मारी। मगर जनता के भरोसे से तो उन्होंने ऐसी पलटी मारी है कि उसका यकीन अब सिद्धांतवादी राजनीति से शायद उठ ही जाए। भाजपा ने नीतीश के लिए लगे नारे को ठेंगा दिखाते हुए अपने नारे मोदी है तो मुमकिन है, को सच कर दिखाया है।

पच्चीस से छब्बीस, इतना भी नहीं चले नीतीश। अब नीतीश कुमार जब संभवतः अपने जीवन के आखिरी राजनैतिक पड़ाव पर पहुंचे हैं, तो उनके लिए यही कहा जा सकता है। पच्चीस से तीस फिर से नीतीश, यही नारा जदयू के कार्यकताओं ने पिछले साल के बिहार चुनाव में बुलंद किया था। उससे पहले 2015 के चुनाव में बहार में बिहार है, फिर से नीतीशे कुमार है- का गीत बिहार में चला था। 2020 के चुनाव में जेडीयू ने नारा बुलंद किया- 'क्यों करें विचार ठीके तो हैं नीतीश कुमार'। हर पांच साल में एक ही व्यक्ति पर अगर पार्टी का भरोसा दिखे और जनता भी उसी भरोसे पर भरोसा करे, तो उस व्यक्ति का नाम नीतीश कुमार हो सकता है, कम से कम बिहार की राजनीति के संदर्भ में तो यही कहा जा सकता है। 2005 से लेकर 2025 तक नीतीश कुमार ही बिहार की राजनीति के सूर्य बने रहे। बेशक लालू यादव का तेज भी कम नहीं हुआ, लेकिन उन्होंने उस तरह मौकापरस्त या सिद्धांतहीन राजनीति को स्वीकार नहीं किया, जिस पर चलकर नीतीश कुमार ने अपने लिए सत्ता का लंबा इंतजाम कर लिया था। भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति का डटकर मुकाबला करने की हिम्मत लालू यादव ने दिखाई तो उसका भुगतान जेल जाकर, अब तक मुकदमे झेलकर और अपने परिवार में टूट देखने तक सब तरह से करना पड़ा। इतना जरूर रहा कि लालू यादव को कभी सत्ता से बेआबरू होकर निकलने की नौबत नहीं आई। किसी ने फाइलों का जोर दिखाकर उनसे यह नहीं कहा कि मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़कर राज्यसभा की सदस्यता लो और चुपचाप अपनी पांच-छह दशकों की राजनीति पर पूर्णविराम लगाओ। इतिहास शायद नीतीश कुमार के लिए यही सब न लिख पाए।

वैसे बिहार की जनता का नीतीश कुमार पर कितना यकीन था, यह इसी से जाहिर होता है कि चाहे वे एनडीए में रहें या महागठबंधन में, लोगों ने उन्हें ही मुख्यमंत्री बने देखना चाहा। अटलजी की भाजपा में वे शामिल थे, तब भी बिहार पर उनकी पकड़ थी, और जब मोदीजी की भाजपा में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण से क्षुब्ध होकर उन्होंने अलग राह पकड़ी, तब भी बिहार उनके साथ खड़ा रहा। अमित शाह ने उनके लिए भाजपा के दरवाजे बंद होने की बात कही, नरेन्द्र मोदी ने डीएनए पर सवाल उठाए, लेकिन फिर भी बिना किसी ठोस, प्रत्यक्ष कारण के वे अपने ही खड़े किए विपक्षी मोर्चे को छोड़कर फिर से एनडीए में चले गए, तब भी बिहार के लोगों ने उनसे सवाल नहीं किए कि आप आखिर इस तरह पलटी मार कर क्यों अपनी फजीहत करवाते हैं, क्यों हमारे चयन पर सवाल उठने देते हैं। बल्कि जब यह संदेह जोर पकड़ रहा था कि 2025 के चुनाव में नीतीश कुमार को भाजपा मुख्यमंत्री नहीं बनने देगी, क्योंकि उसके नेता अटलजी का सपना पूरा करने के लिए भाजपा का मुख्यमंत्री बना सकते हैं, तब भी 25 से 30 फिर से नीतीश का नारा बिहार में चला। लोगों को यकीन था कि नीतीश कुमार केवल रिकार्ड बनाने के लिए 10वीं बार मुख्यमंत्री पद की शपथ नहीं लेंगे, बल्कि भाजपा के हर दांव-पेंच और दबाव का सामना कर अपना कार्यकाल पूरा करेंगे। लेकिन 2030 तक तो छोड़िए, नीतीश कुमार 2026 तक भी ढंग से बतौर मुख्यमंत्री नहीं चल पाए। जब 2000 में उन्होंने पहली बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी, तो बहुमत साबित न कर पाने के कारण महज सात दिनों के लिए ही उस कुर्सी पर बैठ पाए, मगर इसके बाद 2005 में मुख्यमंत्री बनकर पूरे पांच साल का कार्यकाल पूरा किया। 2010 में फिर बहुमत से सरकार बनाई। हालांकि 2014 लोकसभा चुनाव में हार की जिम्मेदारी लेते हुए उन्होंने इस्तीफा दिया, मगर 22 फरवरी 2015 को नीतीश कुमार फिर मुख्यमंत्री बन गए। यह वही वक्त था जब उन्होंने नरेन्द्र मोदी का खुलकर विरोध किया था और महागठबंधन बनाकर लालू यादव के साथ आ गए थे। नवंबर 2015 को महागठबंधन के साथ फिर से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री बने।

लेकिन शायद उनकी राजनैतिक महत्वाकांक्षाएं लालूजी की सिद्धांतवादी राजनीति में सध नहीं पा रही थीं, तो उन्होंने महागठबंधन छोड़कर 27 जुलाई 2017 को एनडीए के साथ फिर मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 2020 में विधानसभा चुनाव हुए और एक बार फिर नीतीश कुमार मुख्यमंत्री बने। लेकिन अभी उन्हें राजनीति के दोनों ध्रुवों-एनडीए और महागठबंधन में अपने वजन का तौल करना बाकी था, लिहाजा 2022 में उन्होंने फिर महागठबंधन के साथ सरकार बनाई, लेकिन जनवरी 2024 में लोकसभा चुनाव से चंद माह पहले फिर एनडीए में लौट गए, फिर से मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस बार भी वे जनता को ये यकीन दिलाने में सफल रहे कि बस अब पलटी मारने का दौर खत्म हो गया। आप भी इस सर्कस को देखते हुए थक गए होंगे, तो थोड़ा आराम कर लें। अब हम यहीं रहेंगे।

इस बात पर इत्मीनान किया जा सकता है कि नीतीश कुमार अपनी बात के पक्के निकले, मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ दी, लेकिन पलटी नहीं मारी। मगर जनता के भरोसे से तो उन्होंने ऐसी पलटी मारी है कि उसका यकीन अब सिद्धांतवादी राजनीति से शायद उठ ही जाए। भाजपा ने नीतीश के लिए लगे नारे को ठेंगा दिखाते हुए अपने नारे मोदी है तो मुमकिन है, को सच कर दिखाया है। बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बना है, और यह उपलब्धि भी उन्हीं सम्राट चौधरी को हासिल हुई है, जिन्होंने एक समय नीतीश कुमार को गद्दी से हटाने के लिए प्रतीकात्मक तौर पर मुरेठा (पगड़ी) बांध लिया था। हालांकि जनवरी 2024 में एनडीए की सरकार बनने पर उन्होंने अयोध्या में मुंडन करा अपना मुरेठा उतार दिया था। सम्राट चौधरी भी नीतीश कुमार की तरह कभी इस पाले, कभी उस पाले में रहे हैं।

आरजेडी से अपनी राजनैतिक पारी की शुरूआत सम्राट चौधरी ने की और राबड़ी देवी मंत्रिमंडल में शामिल रहे, उसके बाद नीतीश की पार्टी जदयू और फिर जीतनराम मांझी की पार्टी हम से होते हुए 2018 में भाजपा में शामिल हुए। सम्राट चौधरी को भाजपा के दिवंगत नेता और नीतीश कुमार के साथ उपमुख्यमंत्री रहे सुशील मोदी ही भाजपा में लाए। भाजपा के उपाध्यक्ष, फिर सदन में नेता प्रतिपक्ष बनकर बहुत जल्द 2023 में बिहार भाजपा के अध्यक्ष भी बन गए। 2024 में उपमुख्यमंत्री बने, वित्त मंत्रालय भी संभाला। 2025 में फिर उपमुख्यमंत्री बने और 2026 आते-आते तय हो गया था कि अब उनके कदम मुख्यमंत्री की कुर्सी की तरफ बढ़ चुके हैं। 56 साल पहले भारत रत्न कपूरी ठाकुर ने भी उपमुख्यमंत्री बनने के बाद मुख्यमंत्री का पद संभाला था। तब से लेकर अब तक कम से कम 10 उपमुख्यमंत्री बिहार में रहे, लेकिन किसी को यह उपलब्धि हासिल नहीं हुई। सम्राट चौधरी ने यह कारनामा भी कर दिखाया। हालांकि उनका सबसे बड़ा कारनामा तो यही है कि महज आठ सालों में उन्होंने नरेन्द्र मोदी और अमित शाह का भरोसा ऐसा हासिल किया कि प्रदेश भाजपा के तमाम दिग्गजों को छोड़कर उन्हें मुख्यमंत्री बनाया गया है।

बिहार की राजनीति का सम्राट और नीतीश अध्याय राजनीति शास्त्र के अध्येताओं के लिए कई शोध के कई रोचक पहलुओं को खोलता है। जिसमें जातिगत समीकरण, सोशल इंजीनियरिंग, महिला मतदाताओं का झुकाव, सांप्रदायिक विभाजन, जंगलराज की अवधारणा ऐसे विभिन्न विषयों पर नए सिरे से विचार मंथन और विश्लेषण की जरूरत है। क्योंकि अब पुरानी धारणाएं बिल्कुल ही ध्वस्त हो चुकी हैं।

नीतीश कुमार ने बिहार में भाजपा की राजनीति आसान करने के लिए सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की जमीन को तैयार करने में मदद की, क्या सम्राट चौधरी अब उस पर नयी पौध तैयार करेंगे। जिस बिहार में कभी आडवानीजी का रथ लालू यादव के शासन में रोक दिया गया था, क्या अब वह बुलडोजर बनकर पुराने विश्वासों को कुचलेगा और अटल जी के कहे अनुरूप जमीन समतल करने का काम करेगा, यह अभी देखना बाकी है। श्रीकांत वर्मा ने लंबी कविता मगध में लिखा थाः-

लो, वह दिखाई पड़ा मगध,
लो, वह अदृश्य-
कल ही तो मगध मैंने
छोड़ा था
कल ही तो कहा था
मगधवासियों ने
मगध मत छोड़ो
मैंने दिया था वचन-
सूर्योदय के पहले
लौट आऊंगा
न मगध है, न मगध
तुम भी तो मगध को ढूंढ रहे हो
बंधुओ,
यह वह मगध नहीं
तुमने जिसे पढ़ा है
किताबों में,
यह वह मगध है
जिसे तुम
मेरी तरह गंवा
चुके हो।

# ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने इलेक्ट्रिक शोरूम का फीता काटकर उद्घाटन किया




**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर। जनपद** में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की दिशा में नई पहल के तहत बल्दीराय तहसील क्षेत्र के पारा बाजार में इलेक्ट्रिक स्कूटर व ई-बाइक के शोरूम और सर्विस सेंटर का शुभारंभ किया गया।भूमि ड्राइव इलेक्ट्रिक कंपनी ने के.जी.एन ऑटोमोबाइल्स के प्रोपराइटर तुफैल अहमद उर्फ कुन्नू को सुलतानपुर क्षेत्र का अधिकृत डिस्ट्रीब्यूटर नियुक्त किया है।शनिवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख शिवकुमार सिंह ने फीता काटकर शोरूम का उद्घाटन किया।उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक वाहनों के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और लोगों को किफायती परिवहन का बेहतर विकल्प मिलेगा।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं




**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर,** शासन से प्राप्त निदेशों के क्रम में माह अप्रैल के तृतीय शनिवार को तहसील कादीपुर सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने की, जबकि पुलिस अधीक्षक चारु निगम एवं मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जन सामान्य की समस्याओं एवं शिकायतों को गम्भीरता पूर्वक सुना। विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों पर मौके पर ही अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि जनता की समस्याओं का शीघ्र एवं पारदर्शी समाधान हो।

# कुड़वार क्रय केंद्र का एसडीएम ने किया निरीक्षण, व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश



**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर।** जिलाधिकारी कुमार हर्ष के निर्देश पर उपजिलाधिकारी विपिन द्विवेदी ने कुड़वार स्थित गेहूं क्रय केंद्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान केंद्र पर व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया गया और संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम ने केंद्र पर किसानों के लिए की गई व्यवस्थाओं, तौल प्रक्रिया, रजिस्ट्रेशन, भुगतान प्रणाली तथा साफ-सफाई की स्थिति की बारीकी से जांच की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए और उनकी उपज का क्रय पारदर्शी तरीके से किया जाए। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कुछ व्यवस्थाओं में सुधार की आवश्यकता है, जिस पर एसडीएम ने संबंधित कर्मचारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि सभी व्यवस्थाएं तत्काल दुरुस्त की जाएं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि लापरवाही पाई गई तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उपजिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप किसानों से गेहूं की खरीद सुचारु रूप से होनी चाहिए।

# मानिकपुर में जनसुनवाई के दौरान आयुक्त सख्त, स्वास्थ्य केन्द्र पर अनुपस्थिति पर नाराजगी, गेहूँ क्रय व्यवस्था संतोषजनक

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल, बाँदा अजीत कुमार ने शनिवार को तहसील मानिकपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में उप महानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र, बाँदा राजेश एस. के साथ प्रतिभाग कर जनसुनवाई की। इस दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना गया। समाधान दिवस में लगभग 40 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनके त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आयुक्त ने उपजिलाधिकारी मानिकपुर को निर्देशित किया कि सभी प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करते हुए सात दिवस के भीतर आख्या आयुक्त कार्यालय को उपलब्ध कराई जाए। मण्डलायुक्त ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नियमित क्षेत्र भ्रमण कर जनसमस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करें तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुँचाएं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक कार्यप्रणाली ऐसी होनी चाहिए जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और शासन के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हो। सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरांत आयुक्त द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बराहमाफी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र पर केवल फार्मासिस्ट श्याम करण सिंह ही मौजूद थे। चिकित्सा अधिकारी डॉ. नीरज कुमार के विगत चार दिनों से अनुपस्थित पाए जाने पर आयुक्त ने गहरी अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए चिकित्सक का अनुपस्थित दिवसों का वेतन अवरुद्ध करने एवं मुख्य



चिकित्सा अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। साथ ही निर्देशित किया गया कि स्वास्थ्य केन्द्रों पर चिकित्सकों एवं स्टाफ की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके बाद आयुक्त ने कृषि उत्पादन मण्डी समिति मानिकपुर स्थित गेहूँ क्रय केन्द्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गेहूँ खरीद कार्य संतोषजनक पाया गया। मौके पर उपस्थित किसानों ने बताया कि उनका गेहूँ समय से खरीदा जा रहा है तथा भुगतान भी निर्धारित समय पर प्राप्त हो रहा है। आयुक्त ने निर्देशित किया कि सभी क्रय केन्द्रों पर इसी प्रकार पारदर्शी खरीद व्यवस्था बनाए रखते हुए किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न होने दी जाए। आयुक्त ने निर्देश दिए कि गेहूँ क्रय केन्द्रों पर पर्याप्त संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए, किसानों के लिए समुचित व्यवस्था रहे तथा क्रय एवं भुगतान की प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी एवं समयबद्ध हो। साथ ही अनावश्यक प्रतीक्षा से बचाने हेतु प्रभावी प्रबंधन एवं सतत निगरानी व्यवस्था लागू की जाए। गर्मी के दृष्टिगत आयुक्त ने सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने के निर्देश देते हुए कहा कि सार्वजनिक स्थलों, स्वास्थ्य केन्द्रों एवं विद्यालयों में शीतल पेयजल, छाया एवं प्राथमिक उपचार की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। हीट वेव से बचाव के लिए जन-जागरूकता अभियान चलाने एवं आवश्यकतानुसार राहत उपाय तत्काल लागू करने पर भी जोर दिया गया। आयुक्त ने कहा कि जनसमस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं प्रभावी निस्तारण तथा शासकीय सेवाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारी पूर्ण जिम्मेदारी, संवेदनशीलता एवं समन्वय के साथ कार्य करें, जिससे आमजन को बेहतर एवं भरोसेमंद सेवाएं प्राप्त हो सकें।

## डीएम ने किया सर्वोदय बालिका विद्यालय का निरीक्षण

**चित्रकूट।** जयप्रकाश नारायण सर्वोदय बालिका विद्यालय सरधुआ का जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा शनिवार को निरीक्षण किया गया। सर्वोदय बालिका विद्यालय में कक्षा 6 से बारहवीं तक कक्षाएं संचालित होती हैं। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से साहित्य एवं विज्ञान के प्रश्न पूछे, जिसका जवाब आठवीं कक्षा की छात्रा साधना व अन्य छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट उत्तर देने पर पुलिस अधीक्षक एवं जिलाधिकारी द्वारा छात्राओं की सराहना की गई। छात्राओं की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा एवं टैलेंट सर्च की अन्य परीक्षाओं में प्रतिभाग कराने के लिए प्रधानाचार्या को निर्देश प्रदान किए गए। छात्राओं को कम्प्यूटर लैब में नियमित रूप से अभ्यास कराने तथा आईआईटी एवं नीट की क्लासेस ऑनलाइन मोड से चलाये जाने के लिए निर्देश दिए गए एवं डिजिटल बोर्ड उपलब्ध कराने का जिलाधिकारी द्वारा आश्वासन दिया गया। संस्था में खेल की सुविधाओं के बारे में पूछने पर छात्राओं ने जिलाधिकारी को यह अवगत कराया कि उनके द्वारा इंडोर गेम्स तो खेले जाते हैं, लेकिन आउटडोर गेम्स के लिए बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल का ग्राउंड नहीं है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा विद्यालय में स्थित खेल के मैदान का निरीक्षण करके बैडमिंटन एवं वॉलीबॉल कोर्ट को साडा से निर्माण कराने का निर्देश प्रदान किया। इसके बाद जिलाधिकारी द्वारा मेस का निरीक्षण किया गया एंव मीनू चार्ट का भी अवलोकन किए। विद्यालय में अनुरक्षण का कार्य कर रही संस्था यू.पी. सिडको को कार्य की गुणवत्ता में सुधार करने एवं अवशिष्ट जल के लिए सोकपिट निर्माण करने के निर्देश प्रदान किए। शासन द्वारा स्वीकृति प्राप्त प्रधानाचार्य आवास एवं अध्यापिकाओं के रहने के लिए बनने वाले ट्रांजिट हॉस्टल को संस्था के कैम्पस के अंदर ही बनाने का यू पी सिडको को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किए कि समय समय पर आकर निरीक्षण करते रहें। उन्होंने जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देशित किए कि वाशिंग मशीन वॉटर कूलर भी लगवाएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी फूलचंद यादव, जिला समाज कल्याण अधिकारी वैभव त्रिपाठी उपस्थित थे।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने संयुक्त रूप से किया विभिन्न विकास कार्यों व विवादित स्थलों का निरीक्षण

**अखंड भारत संदेश**

### अतिक्रमण मुक्त कराने और सौंदर्यीकरण के दिए कड़े निर्देश

**चित्रकूट।** जनपद में शासन की प्राथमिकताओं और विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा शनिवार को संयुक्त रूप से विभिन्न क्षेत्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सरकारी भूमि के संरक्षण, अतिक्रमण हटाने और आधारभूत संरचनाओं के विकास पर विशेष बल दिया। अधिकारियों ने राजापुर स्थित वाजपेयी चौराहे पर विवादित भूमि का निरीक्षण किया। उप जिलाधिकारी, राजापुर को निर्देशित किया गया कि एनएच प्रयागराज के अधिकारियों से पत्राचार कर सरकारी भूमि पर तत्काल चेतावनी बोर्ड लगवाया जाए, ताकि अवैध अतिक्रमण को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने बंदोबस्त अधिकारी (चकबंदी) को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस प्रकरण का अंतिम अवसर देते हुए त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी भूमि की सुरक्षा प्राथमिकता है। साथ ही, सड़क पर खड़े होने वाले ट्रकों की समस्या के समाधान के लिए पास में ही खाली पड़ी सरकारी भूमि को समतल कर व्यवस्थित पार्किंग बनाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के अगले चरण में जिलाधिकारी ने तुलसी चौराहा का अवलोकन किया, जहाँ नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा के साथ चौराहे के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा हुई। इसके बाद जिलाधिकारी ने तुलसी पार्क के समीप प्रस्तावित कॉरिडोर का निरीक्षण किया। सिंचाई विभाग को कटाव रोकने के उपाय तत्काल शुरू करने और लोक निर्माण विभाग को कटाव नियंत्रण कार्य पूर्ण होने के बाद सड़क निर्माण कार्य शुरू करने के निर्देश दिए गए, ताकि क्षेत्र का सौंदर्यीकरण किया जा सके। इसके बाद चित्रकूट कौशांबी बॉर्डर पर मिनी बस स्टॉप के लिए प्रस्तावित भूमि का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी को भूमि का सीमांकन कर विकास कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त मझगवां में प्रस्तावित हेलीपैड स्थल का भी निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद की प्रत्येक तहसील में हेलीपैड का निर्माण किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे, जिन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

## सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत तीर्थ यात्रा को हरी झंडी

**चित्रकूट।** जनपद में सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा का शुभारंभ शनिवार को गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी द्वारा यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी, कर्वी तहसील सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर सभी तीर्थ यात्रियों का माल्यार्पण कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उपस्थित अधिकारियों ने यात्रियों को शुभकामनाएं देते हुए उनकी मंगलमय एवं सुरक्षित यात्रा की कामना की। यह यात्रा चित्रकूट से प्रस्थान कर लखनऊ के लिए रवाना हुई है। लखनऊ में आज मुख्यमंत्री द्वारा इस यात्रा को सोमनाथ के लिए आगे प्रस्थान के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। पर्यटन विभाग द्वारा यात्रा की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे सभी यात्रियों को किसी प्रकार की सुविधा न हो।

## वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हॉर्न, हूटर पर होगी कार्रवाई

- दर्जनों गैराज व वर्कशॉप का किया निरीक्षण
- एआरटीओ ने ध्वनि प्रदूषण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दिए निर्देश

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** शासन के निर्देश पर एआरटीओ राजीव कुमार व पीटीओ दीप्ती त्रिपाठी ने शनिवार को जिले के विभिन्न गैराज व वर्कशॉप का निरीक्षण करने के बाद परिवहन कार्यालय पर हुई बैठक में जनपद के समस्त डीलरों, मोटर गैराज एवं वर्कशॉप संचालकों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न अथवा हूटर की बिक्री एवं स्थापना करने वाले मोटर गैराज वर्कशॉप आदि युक्त वाहनों से उत्पन्न ध्वनि प्रदूषण के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा वर्कशॉप, गैराज संचालक पर एक लाख रुपए का जुमार्ना लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिन वाहन स्वामियों द्वारा अपने मोटरयान में ऐसा परिवर्तन किया जाता है, तो उनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इसके तहत सम्बन्धित वाहन स्वामी को छह माह तक का करावास रहेगा। ऐसे प्रत्येक परिवर्तन के लिए पांच हजार रुपये तक के जुमार्ने से अथवा दोनों से दंडित किया जा सकता है। जो कोई व्यक्ति किसी सार्वजानिक स्थान में ऐसा मोटर यान चलाएगा, अथवा चलाने देगा जिससे सड़क सुरक्षा, शोर नियत्रंण एवं वायु प्रदूषण के सम्बन्ध में विहित मानकों का उल्लंघन होता है। उनके विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही तीन माह के लिए उसका ड्राइविंग लाइसेंस अयोग्य कर दिया जाएगा एवं प्राथमिकता से वाहन पंजीयन प्रमाण पत्र के निलंबन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने कहा कि इसके विरुद्ध पूरे जिले में सख्त अभियान चलेगा। वाहनों के साथ ही सर्विस सेंटरों की भी जांच की जाएगी। उन्होंने जिले के समस्त वाहन स्वामियों से मोडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न, हूटर आदि को अपने वाहनों पर न लगाने की अपील की है।जहां भी इस तरह की अनियमितता मिली संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।इस मौके पर आरआई रवि कुमार, कार्यालय सहायक अरुण कुमार पांडेय, असलम खां, कमलेश कुमार, अजय कुमार, मुनेन्द्र तिवारी, राजेंद्र आदि मौजूद रहे।

## ग्राम नकैला में ग्रीष्मकालीन पोषकीय गृह वाटिका एवं भूमि सुपोषण पर प्रशिक्षण आयोजित

### हर घर पोषण हर घर हरियाली की दिशा में ग्रीष्म कालीन सब्जी बीज का किया गया वितरण

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** दीनदयाल शोध संस्थान कृषि विज्ञान केंद्र, मझगवां द्वारा ग्राम नकैला में ग्रीष्मकालीन पोषकीय गृह वाटिका एवं भूमि सुपोषण विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में 30 किसानों एवं महिलाओं ने सक्रिय सहभागिता की। प्रशिक्षण के दौरान खाद्य प्रसंस्करण वैज्ञानिक डॉ. हेमराज द्विवेदी ने गृह वाटिका के माध्यम से वर्षभर पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीमित भूमि एवं संसाधनों में भी हरी सब्जियों एवं पोषक फसलों का उत्पादन कर परिवार के स्वास्थ्य में सुधार किया जा सकता है। साथ ही, उन्होंने सब्जियों के संरक्षण एवं मूल्य संवर्धन की तकनीकों पर भी प्रकाश डाला। पोषकीय गृह वाटिका (घर के आसपास छोटी सब्जी व फल बाड़ी) आज के समय में परिवार की स्वास्थ्य सुरक्षा और आत्मनिर्भरता का एक सरल व प्रभावी माध्यम है जो पोषण सुरक्षा सुनिश्चित करती है और स्वास्थ्य में सुधार, आर्थिक बचत और अतिरिक्त आय, सालभर उपलब्धता, महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण, सीमित जगह में उत्पादन का आधार है?। पोषकीय गृह वाटिका न केवल परिवार को स्वस्थ बनाती है, बल्कि आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से भी लाभकारी है। यह हर घर पोषण, हर घर हरियाली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस दौरान पोषण वाटिका किट में भारतीय बागवानी अनुसंधान संस्थान बैंगलोर से आई ग्रीष्म कालीन सब्जी बीज का वितरण भी किया गया। मृदा वैज्ञानिक डॉ. अशोक शर्मा ने भूमि की उर्वरता बनाए रखने एवं बढ़ाने के लिए संतुलित पोषण प्रबंधन, जैविक खादों के उपयोग एवं मृदा परीक्षण के महत्व को समझाया। उन्होंने किसानों को रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को व्यावहारिक जानकारी के साथ-साथ विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन भी किया गया। किसानों एवं महिलाओं ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे अपने दैनिक कृषि कार्यों में अपनाने की हांमी भरी। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में इस प्रकार के और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे दीनदयाल शोध संस्थान के समाज शिल्पी कार्यकर्ता उदय यादव का विशेष सहयोग रहा।

## जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के लाभार्थी को सौंपा 2 लाख रुपये का चेक

**चित्रकूट।** राजापुर में आयोजित तहसील दिवस के दौरान शनिवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत मृतक बीमा धारक के आश्रित को दो लाख रुपये की दावा राशि का चेक प्रदान किया गया। चेक वितरण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि केंद्र सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए एक सुरक्षा कवच की तरह है। परिवार के मुख्य अर्जनकर्ता के असामयिक निधन की स्थिति में यह राशि परिवार को आर्थिक संबल प्रदान करती है। मात्र 436 रुपए के वार्षिक प्रीमियम पर बैंकों द्वारा दी जा रही यह सुविधा शोकाकुल परिवार को सहूलियत देती है। उन्होंने सभी फरियादियों से कहा कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एक महत्वपूर्ण योजना है। जिससे सभी को जुड़ना चाहिए।

## जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया फार्मर रजिस्ट्री का महत्व

**चित्रकूट।** जिला खाद्य विपणन अधिकारी अविनाश कुमार झा ने जानकारी देते हुए बताया कि रबी विपणन वर्ष 2026-27 में शासन आदेश के अनुसार न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अन्तर्गत सरकारी क्रय केन्द्रों पर गेहूँ बिक्री के लिए किसानों का फार्मर आई.डी. का पहचान पत्र अनिवार्य कर दिया गया है, परन्तु यदि किसी किसान का फार्मर आई.डी. कृषक पहचान पत्र अभी तक नहीं बना हुआ है तो भी उसे गेहूँ क्रय केन्द्र से वापस नहीं किया जाएगा। निर्देशित किया गया है कि क्रय केन्द्रों पर ही तत्काल सम्बन्धित किसान का फार्मर आई.डी. कृषक पहचान पत्र बनाया जाए। इसके लिए कृषि विभाग द्वारा प्रत्येक गेहूँ क्रय केन्द्र पर फार्मर आई.डी. कृषक पहचान पत्र बनाने के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं, इससे मौके पर ही फार्मर आई.डी. बनाकर गेहूँ बिक्री की जा सकती है। यदि किसान चकबन्दी गाँव से है तो उनका फार्मर आई.डी. वर्तमान में नहीं बनाया जा सकता है इसलिए शासन के निदेर्शानुसार क्रय केन्द्रों पर गेहूँ बिक्री के लिए उन्हे फार्मर आई.डी. पहचान पत्र की अनिवार्यता से छूट प्रदान की गयी है। चकबन्दी गाँव के किसानों का पूर्व की भाँति आवश्यक वांछित प्रपत्र जैसे खसरा, खतौनी, आधार कार्ड एवं पंजीकरण प्रपत्र के माध्यम से खरीद की जाएगी। किसी भी किसान को गेहूं खरीद से वंचित नही किया जाएगा। साथ ही यह सूचित करना है कि जनपद में समस्त गेहूं क्रय केन्द्र पर पर्याप्त संख्या में बोरें उपलब्ध है। गेहूं क्रय केन्द्रों पर पहले से ही 84860 पी.पी. बोरे उपलब्ध हैं। इसके बाद उचित दर विक्रेताओं से माह मार्च के सापेक्ष 34345 जूट के बोरें प्राप्त कर गेहूं क्रय केन्द्रों को उपलब्ध करा दिए गए हैं। बीते शुक्रवार तक जनपद में कुल 480 किसानों से 2414.27 एम.टी. गेहूँ की खरीद की जा चुकी है, जो क्रय लक्ष्य 16000 एम.टी. का 15 प्रतिशत है। खाद्य विभाग द्वारा इस वर्ष कुल 7 गेहूं क्रय केन्द्र कर्वी मण्डी, पहाड़ी मण्डी, मानिकपुर मण्डी, बरगढ मण्डी, मऊ एवं राजापुर, भारतीय खाद्य निगम के 1 गेहूँ क्रय केन्द्र कर्वी मण्डी तथा पी.सी.एफ. संस्था द्वारा कुल 27 गेहूँ क्रय केन्द्र बी. पैक्स कर्वी, बी. पैक्स पहाड़ी उत्तरी, बी. पैक्स चकौध, बी. पैक्स इटखरी, बी. पैक्स भारतपुर, क्षे.स.स. रसिन, पी.सी.एफ. खोह, बी. पैक्स घुरेटनपुर, पी.सी.एफ. कर्वी, बी. पैक्स खोही, बी. पैक्स परसौजा, बी. पैक्स रैपुरा, बी. पैक्स ऐचवारा, बी. पैक्स रामपुर कल्याणगढ, बी. पैक्स विहरवां, बी. पैक्स सरधुवा, बी. पैक्स हरदौली, पी.सी.एफ. राजापुर, बी. पैक्स नांदिन कुर्मियान, बी. पैक्स छीबो, बी. पैक्स रामनगर, बी. पैक्स रामपुर बाधी, बी. पैक्स खण्डेहा, बी. पैक्स मऊ, बी. पैक्स गाहुर, बी. पैक्स वियावल, बी. पैक्स बरगढ संचलित किए जा रहे हैं। कृषक गेहूँ बिक्री सम्बन्धी किसी भी सहायता के लिए खाद्य विभाग के टोल फ्री नम्बर पर या जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लाक के विपणन निरीक्षक क्रय केन्द्र प्रभारी से अथवा जिला खाद्य विपणन अधिकारी कार्यालय में स्थापित खरीद कन्ट्रोल रूम के पर भी सम्पर्क कर सकते हैं।

## खेत में लगी आग से चार बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

**अखंड भारत संदेश**

**बरगढ़।** थाना क्षेत्र के बरगढ़ गांव में शनिवार दोपहर अचानक लगी आग से किसान की गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई। घटना से गांव में हड़कंप मच गया और आसपास के लोग मौके पर जुट गए। जानकारी के अनुसार गांव निवासी शालिक राम शुक्ला, पुत्र स्वर्गीय अलख नारायण शुक्ला (गिरिनार बाबा जी) के खेत (गाटा संख्या 137) में दोपहर करीब तीन बजे आग लग गई। खेत पाठापार स्थित गिरिनार आश्रम के पास बताया जा रहा है। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और करीब चार बीघा में खड़ी गेहूं की फसल जलकर नष्ट हो गई। स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन



तब तक काफी नुकसान हो चुका था। शालिक राम शुक्ला क्षेत्र के सम्मानित व्यक्तियों में गिने जाते हैं और इस घटना से उन्हें भारी आर्थिक क्षति हुई है। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रशासन को सूचना दे दी गई है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य : जिलाधिकारी

**चित्रकूट।** तहसील सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता मे एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन समस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण समाधान पर विशेष जोर दिया गया। जिलाधिकारी गर्ग ने समस्त विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण हो। उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें, इसे प्रत्येक स्थिति में सुनिश्चित किया जाए। विशेष रूप से भूमि संबंधी विवादों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सचेत किया कि मुख्यमंत्री कार्यालय स्तर से इन शिकायतों की निरंतर निगरानी की जाती है। उन्होंने निर्देश दिए कि फीडबैक की गुणवत्ता कम नहीं होनी चाहिए। मुख्यालय स्तर से भी फीडबैक की क्रॉस चेकिंग की जाएगी। कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक अपने कार्यालय में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर जनसुनवाई करें। साथ ही विभागीय योजनाओं का सोशल मीडिया के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा गया, ताकि योजनाओं का लाभ अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक सुगमता से पहुँच सके। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा और महिला संबंधी प्रकरण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं। इन मामलों में संवेदनशीलता बरतते हुए त्वरित एवं प्रभावी विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी राजापुर फूलचंद यादव, डीसी मनरेगा डीएन पांडेय, परियोजना निदेशक सत्यराम यादव, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी मनोहर लाल धर्मन, अग्रणी जिला प्रबंधक (इंडियन बैंक) अनुराग शर्मा, तहसीलदार, आदि रहे।

## बार और बेंच के बीच सामंजस्य रखने पर दिया गया जोर



**मऊ/चित्रकूट।** न्यायिक अधिकारियों की मौजूदगी में शनिवार को अधिवक्ता संघ मऊ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलायी गई। इस दौरान बार और बेंच के बीच सामंजस्य रखने पर जोर दिया गया। मऊ तहसील सभागार में शनिवार को व्यवहार न्यायाधीश एस आनन्द, उपजिलाधिकारी रामऋषि रमन व तहसीलदार रामसुधार की मौजूदगी में एल्डर कमेटी द्वारा तहसील अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष सूरज पाल जाटव, महामंत्री अनिल कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष सुभाष चन्द्र पांडेय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवबली सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष प्रथम ओबैद मोहम्मद, कनिष्ठ उपाध्यक्ष द्वितीय, योगेन्द्र कुमार शुक्ला व कृष्ण कुमार त्रिपाठी के साथ संयुक्त सचिव प्रशासन राजीव रंजन मिश्र व संयुक्त सचिव प्रकाशन अंकित कुमार शुक्ला को शपथ दिलायी गई। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार अधिवक्ता पी.सी. त्रिपाठी ने किया।

## माटीकला रोजगार योजना के तहत शिल्पी कारीगरों को उद्योग के लिए 5 प्रतिशत उद्यमी अंशदान

**चित्रकूट।** जिला ग्राम उद्योग अधिकारी संतोष कुमार ने बताया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा समन्वित विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना का संचालन किया जा रहा है। इस वित्तीय वर्ष के लिए जनपद चित्रकूट को 4 इकाईयों की स्थापना जैसे खिलौना निर्माण, घरेलू उपयोग के उत्पाद (प्रेशर कुकुर, घडा, सुराही, जग, कुल्हड, गिलास, कटोरी व लैम्प) आदि बनाने वाले शिल्पी व कारीगर के उद्योग की स्थापना करने के उद्देश्य से अधिकतम 10 लाख लागत का 5 प्रतिशत उद्यमी अंशदान तथा 95 प्रतिशत बैंक का ऋण अनुमन्य होगा, जो नियमानुसार 5 वर्ष के लिए देय होगा। 25 प्रतिशत धनराशि मार्जिन मनी के रूप में शासन द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, माटीकला से जुड़े एवं शिल्पी कारीगर जिनकी उम्र 18 से 50 वर्ष है और इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, कार्यालय से आवेदन पत्र प्राप्त कर एवं सम्बन्धित अभिलेखों सहित आगामी 30 जून तक कार्यालय में जमा कर सकते हैं। अभ्यर्थी साक्षर होना अनिवार्य है।

# स्वदेशी ताकत से भारत को दे रहा है सीधी चुनौती?

**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** नौसेना ने स्वदेशी रूप से विकसित, जहाज से दागी जाने वाली एक एंटी-शिप मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया है। एक लाइव अभ्यास के दौरान, इस मिसाइल ने लंबी दूरी पर स्थित अपने लक्ष्य को सटीक रूप से भेदा, जो देश की बढ़ती सटीक-हमला क्षमता और समुद्री प्रतिरोधक क्षमता को रेखांकित करता है। सेना द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि मिसाइल ने "लंबी दूरी पर उच्च गति के साथ अपने लक्ष्य को सटीकता से निशाना बनाया," जो इसके उन्नत मार्गदर्शन (गाइडेंस), गतिशीलता और परिचालन तत्परता को दशार्ता है। इस परीक्षण को नौसेना प्रमुख नवीद अशरफ के साथ-साथ इस कार्यक्रम से जुड़े प्रमुख वैज्ञानिकों और इंजीनियरों ने अपनी आँखों से देखा।



एसोसिएटेड प्रेस, डॉन और जियो न्यूज की रिपोर्टों के अनुसार, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (क्रढफ) ने इस परीक्षण को तत्परता और सटीक-हमला क्षमता का एक दृढ़ प्रदर्शन बताया। उन्होंने मिसाइल की खतरों से बचने, बदलती परिस्थितियों के अनुरूप ढलने और अत्यंत सटीकता व मारक क्षमता के साथ हमला करने की क्षमता को विशेष रूप से रेखांकित किया। अधिकारियों ने बताया कि इस मिसाइल में एक अत्याधुनिक गाइडेंस सिस्टम और बेहतर गतिशीलता मौजूद है, जिससे यह समुद्री और जमीनी, दोनों तरह के लक्ष्यों को बेहद सटीक ढंग से निशाना बना सकती है। यह विकास, क्षेत्रीय सुरक्षा के बदलते समीकरणों के बीच अपनी स्वदेशी रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने की पाकिस्तान की कोशिशों की दिशा में एक और अहम कदम है। सेना ने कहा कि यह सफल प्रक्षेपण तकनीकी उत्कृष्टता और परिचालन विशेषज्ञता के मेल को दशार्ता है, जो पारंपरिक क्षेत्र में समुद्र-आधारित विश्वसनीय प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने और इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा व स्थिरता सुनिश्चित करने के प्रति नौसेना की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है।

पाकिस्तान का मिसाइल प्रोग्राम लंबे समय से क्षेत्रीय सुरक्षा के हालात से प्रभावित रहा है, और इसके लगातार किए जा रहे परीक्षणों का मकसद संभावित खतरों के खिलाफ अपनी प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाना है। देश के वरिष्ठ नागरिक और सैन्य नेतृत्व ने इस परीक्षण को एक अहम उपलब्धि बताया है। क्रढफ के अनुसार, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर उन लोगों में शामिल थे जिन्होंने इस काम में लगे वैज्ञानिकों और कर्मियों की सराहना की। यह ताजा परीक्षण पाकिस्तान की सेना द्वारा पहले किए गए परीक्षणों की ही एक अगली कड़ी है। हाल के महीनों में, नौसेना ने उत्तरी अरब सागर में किए गए अभ्यासों के दौरान सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल का सफलतापूर्वक परीक्षण किया था; वहीं, पाकिस्तान वायु सेना ने स्वदेशी रूप से विकसित 'तैमूर' हथियार प्रणाली का उड़ान परीक्षण किया, जो 600 किलोमीटर तक की दूरी पर स्थित लक्ष्यों को भेदने में सक्षम है।

# यूएस संग ट्रेड डील पर नए सिरे से होगी बात

**अमेरिका**

**भारत** अगले हफ़्ते अमेरिका के साथ अहम व्यापार बातचीत फिर से शुरू करने के लिए वॉशिंगटन में एक आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल भेजने की तैयारी में है। यह दौरा एक ऐसे अहम मोड़ पर हो रहा है, जब दोनों देश एक अंतरिम द्विपक्षीय व्यापार समझौते के मसौदे को अंतिम रूप देने के करीब पहुँच रहे हैं। यह घटनाक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच फोन पर करीब 40 मिनट तक हुई बातचीत के ठीक एक दिन बाद सामने आया है। सरकारी सूत्रों के हवाले से बताया गया कि आने वाली बातचीत भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के पहले चरण को आकार देने में निर्णायक भूमिका निभा सकती है, जिस पर पिछले कई महीनों से बातचीत चल रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस बैठक का मुख्य जोर उन मुद्दों को सुलझाने पर होगा जो अभी तक हल नहीं हो पाए हैं, खासकर अमेरिका की टैरिफ नीतियों में हाल ही में हुए बदलावों को देखते हुए।



भारतीय दल 20 को वर जाएगा

भारत ने एग्रीमेट पर साइन नहीं किए है, इसलिए कोई कानूनी बाध्यता नही है। कॉमर्स सेक्रेटरी राजेश अग्रवाल ने बताया, भारत के मुख्य वातार्कार दर्पण जैन के नेतृत्व में 20 अप्रैल को दल अमेरिका जाएगा। एक मसला यह भी है कि अमेरिका ने भारत सहित दूसरे देशो से आने वाले माल के चलते अमेरिकी व्यापार हितो को नुकसान पहुंचने के बारे में सेक्शन 301 सहित कुछ प्रावधानों के तहत जांच भी शुरू की थी। दोनो देशों के अधिकारी विचार करेंगे कि इन मुद्दों को कैसे सुलझाया जाए।

वङ संग ट्रेड डील मई से लागू होगी

भारत और वङ के बीच फ्री ट्रेड एग्रीमेट , जो पिछले साल जुलाई में साइन हुआ था, मई से लागू हो सकता है। कॉमर्स सचिव राजेश अग्रवाल ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारत और वङ के बीच हुए इस समझौते के तहत भारत के 99% निर्यात ब्रिटेन में बिना किसी शुल्क (ड्यूटी) के जा सकेंगे, जबकि भारत में ब्रिटेन के उत्पादों जैसे कार और व्हिस्की पर टैक्स कम किया जाएगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि ओमान के साथ FTA 1 जून से लागू हो सकता है। न्यूजीलैंड के साथ FTA 27 अप्रैल को साइन होने की उम्मीद है।

# आधी रात को घरों से उठाए गए 3 भाइयों समेत 6 लोग

**बलूचिस्तान**

**बलूचिस्तान** के पंजगुर ज़िले से जबरन गायब किए जाने के नए आरोप सामने आए हैं, जहाँ कथित तौर पर देर रात की एक छापेमारी के दौरान तीन भाइयों सहित छह लोगों को हिरासत में ले लिया गया। 'द बलूचिस्तान पोस्ट' की रिपोर्ट के अनुसार, इस घटना ने एक बार फिर प्रांत में मानवाधिकारों से जुड़ी चिंताओं की ओर ध्यान खींचा है। 'द बलूचिस्तान पोस्ट' के मुताबिक, सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तानी सुरक्षाकर्मियों ने पारोम के हकीम बाजार इलाके में घरों की तलाशी ली। इस कार्रवाई के दौरान, कथित तौर पर छह लोगों को हिरासत में लिया गया और बाद में उन्हें किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया। लापता लोगों की पहचान साबिर, शरीफ और शकील (तीनों गुलाम हुसैन के बेटे), मुख्तियार (गुलाम रसूल का बेटा), हुसैन (निसार का बेटा) और मौला बख्श (सखी दाद का बेटा) के रूप में हुई है।

एक अलग लेकिन संबंधित घटनाक्रम में, पहले से लापता चल रहे दो लोगों को कथित तौर पर रिहा कर दिया गया है। केच ज़िले के मंड का रहने वाला आमिर (जसीम वलीदाद का बेटा) कथित तौर पर पिछले साल 26 दिसंबर को ग्वादर से गायब होने के बाद से ही लापता था। एक अन्य व्यक्ति, इलियास (मियादाद का बेटा), जिसे कथित तौर पर 6 अप्रैल को हिरासत में लिया गया था, उसे भी रिहा कर दिया गया है। इस बीच, क्वेटा में जबरन गायब किए जाने का मुद्दा तब और ज्यादा सुर्खियों में आया, जब मोहम्मद सिद्दीक



लंगोव की पत्नी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अपने पति की सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई। उन्होंने दावा किया कि 7 अप्रैल की आधी रात के आस-पास पाकिस्तानी सेना उन्हें किल्ली इस्माइल स्थित उनके घर से उठाकर ले गई थी। 'द बलूचिस्तान पोस्ट' की रिपोर्ट के अनुसार, तब से लेकर अब तक परिवार को उनके ठिकाने के बारे में कोई भी आधिकारिक जानकारी नहीं मिली है।

इस घटना से परिवार पर पड़े भावनात्मक असर का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पूरा परिवार इस समय गहरे सदमे और अनिश्चितता के माहौल में जी रहा है, और उनके बच्चे बार-बार अपने लापता पिता के बारे में पूछते रहते हैं।

उन्होंने अधिकारियों और न्यायपालिका से यह सुनिश्चित करने की अपील की कि इस मामले में उचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाए; उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि उनके पति पर किसी भी प्रकार के गलत काम का आरोप है, तो उन्हें कानून की अदालत में पेश किया जाना चाहिए।

# कम्युनिकेशन कमांडर अहमद अबू खदेरा को किया ढेर



**इजराइल**

**इजराइल** डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने गाजा सिटी इलाके में काम कर रही हमास की कम्युनिकेशन यूनिट के एक कमांडर, अहमद अबू खदेरा को मार गिराने का ऐलान किया है। एक्स पर एक पोस्ट में, सेना ने बताया कि अबू खदेरा आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ आसन्न आतंकवादी हमलों की योजनाओं को आगे बढ़ाने में शामिल था और सेना के लिए सीधा खतरा था। इस खास हमले को इलाके में चल रहे बड़े ऑपरेशन्स से जोड़ते हुए, आईडीएफ ने पुष्टि की कि उसी सेक्टर में और भी ठिकानों पर हमले किए गए। ऑपरेशन के दौरान, सेना ने गाजा सिटी इलाके में हमला किया और दो अन्य अहम लोगों को मार गिराया, जिनकी पहचान इस्लाम हिशाम रियाद कनिता और महमूद हामिद यूसुफ हमदौना के तौर पर हुई है। सेना के मुताबिक, ये दोनों लोग "हमास की सैन्य क्षमताओं को फिर से बनाने की कोशिशों में सक्रिय रूप से शामिल थे, जिसमें सीजफायर के दौरान की कोशिशें भी शामिल हैं। यह सटीक कार्रवाई सेना का इस समय हमास के कमांड स्ट्रक्चर और तकनीकी रिकवरी की कोशिशों को कमजोर करने पर दिए जा रहे खास ध्यान को दिखाती है। शहर से बाहर इन हालिया सैन्य कार्रवाइयों का दायरा बढ़ाते हुए, द टाइम्स ऑफ इजराइल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, क्क्रने बुधवार को मध्य गाजा पट्टी में हमास के एक पिकअप ट्रक को भी निशाना बनाया, जिसमें हमास के हथियारबंद सदस्य सवार थे। मिलिट्री ने कहा कि उस गाड़ी में मौजूद बंदूकधारी भी उस इलाके में तैनात सैनिकों पर "जल्द" हमला करने की प्लानिंग कर रहे थे।

# राष्ट्रपति ली की भारत की पहली यात्रा



**दक्षिण कोरिया**

**दक्षिण** कोरिया के राष्ट्रपति ली जे म्युंग, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 19 से 21 अप्रैल तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, ली के साथ प्रथम महिला किम हे क्यूंग और मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों तथा व्यापारिक नेताओं का एक उच्च-स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। यह राष्ट्रपति ली की भारत की पहली यात्रा होगी। इस यात्रा के दौरान, ली प्रधानमंत्री मोदी के साथ विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा करेंगे; इन क्षेत्रों में जहाज निर्माण, व्यापार, निवेश, अक्, सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण तथा उभरती प्रौद्योगिकियाँ शामिल हैं।

उम्मीद है कि दोनों नेता "लोगों के बीच आपसी जुड़ाव और सांस्कृतिक आदान-प्रदान" पर ध्यान देंगे, साथ ही आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी अपने विचार साझा करेंगे। प्रधानमंत्री, आए हुए गणमान्य अतिथि के सम्मान में दोपहर के भोजन का आयोजन करेंगे।

आधिकारिक कार्यक्रम के तहत, दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के साथ चर्चा करेंगे, जो उनके सम्मान में एक राजकीय भोज का आयोजन करेंगी। विदेश मंत्री एस. जयशंकर भी इस यात्रा के दौरान ली से मुलाकात करेंगे।भारत और दक्षिण कोरिया के बीच एक बहुआयामी साझेदारी है, जिसकी जड़ें "प्राचीन सभ्यतागत संबंधों और लोकतंत्र तथा कानून के शासन के साझा मूल्यों" में निहित हैं। यह यात्रा "सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों को और मजबूत करने के साथ-साथ आपसी हित के नए और उभरते क्षेत्रों में सहयोग का विस्तार करने की दोनों देशों की साझा आकांक्षा" को दशार्ती है।

# आतंकवाद पर भारत - ऑस्ट्रिया का बड़ा एक्शन

**ऑस्ट्रिया**

**ऑस्ट्रिया** के चांसलर क्रिश्चियन स्टॉकर्स की भारत यात्रा के दौरान, भारत और ऑस्ट्रिया ने आतंकवाद से निपटने के लिए निर्णायक और एकजुट अंतरराष्ट्रीय प्रयासों का आह्वान किया। दोनों पक्षों ने पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले और राष्ट्रीय राजधानी में लाल किले पर हुई आतंकी घटना की कड़ी निंदा की, और हिंसक कट्टरपंथ तथा उग्रवाद का मुकाबला करने के लिए आपसी सहयोग की आवश्यकता पर जोर दिया। ये विवरण विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने राष्ट्रीय राजधानी में ऑस्ट्रियाई



चांसलर की आधिकारिक भारत यात्रा के संबंध में आयोजित एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए साझा किए। राजदूत जॉर्ज ने बताया कि दोनों नेताओं ने आतंकवाद-रोधी और कट्टरपंथ-रोधी क्षेत्रों में भारत और यूरोपीय संघ (एव) के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए 'लेटर ऑफ इंटेंट' (आशय पत्र) पर हस्ताक्षर किए जाने का भी स्वागत किया।

उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की, जिसमें सीमा पार आतंकवाद भी शामिल है, स्पष्ट और दो टूक शब्दों में निंदा की। नेताओं ने आतंकवाद-रोधी मामलों पर एक संयुक्त कार्य समूह स्थापित करने के लिए 'लेटर ऑफ इंटेंट' पर हस्ताक्षर का स्वागत किया। यह समूह आतंकवाद-रोधी प्रयासों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा, और साथ ही भारत और यूरोपीय संघ के बीच आपसी सहयोग के ढांचे के तहत, उचित बहुपक्षीय मंचों पर सूचना, ज्ञान साझाकरण और क्षमता निर्माण के माध्यम से कट्टरपंथ का मुकाबला करने में भी मदद करेगा।

# ड्रैगन का नेपाल पर बढ़ा दबाव, तिब्बत और ताइवान पौलसी पर दी कड़ी चेतावनी

**चीन**

**चीन** ने नेपाल पर कूटनीतिक दबाव बढ़ा दिया है, और तिब्बत तथा ताइवान से जुड़ी गतिविधियों पर और भी कड़ी पाबंदियाँ लगाने की माँग की है। ये चिंताएँ चीनी राजदूत झांग माओमिंग और नेपाल के गृह मंत्री सुदान गुरुंग के बीच हुई एक उच्च-स्तरीय बैठक के दौरान उठाई गईं। 'फायुल' की रिपोर्ट के अनुसार, यह घटनाक्रम काठमांडू से मिल रहे हालिया राजनीतिक संकेतों को लेकर चीन की बढ़ती बेचैनी को दशार्ता है। 'फायुल' के अनुसार, इस बैठक के दौरान राजदूत झांग ने नेपाल को तिब्बती राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल होने के प्रति आगाह किया; विशेष रूप से 27 मई को धर्मशाला में होने वाले 'केंद्रीय तिब्बती प्रशासन' के अध्यक्ष पेनपा त्सेरिंग के शपथ ग्रहण समारोह में। राजदूत ने इस बात की संभावना जताई कि नेपाल को इस समारोह में आमंत्रित किया जा सकता है, और अधिकारियों से इस संबंध में सतर्क रहने का आग्रह किया। चीन की आशंकाएँ हाल के घटनाक्रमों की एक श्रृंखला के कारण और भी बढ़ गई हैं; जिनमें तिब्बती नेतृत्व द्वारा बालेन्द्र शाह को भेजा गया बधाई संदेश, और नेपाल की राजधानी में ताइवानी प्रतीकों का खुले तौर पर प्रदर्शन शामिल है। खबरों के मुताबिक, चीन ऐसे इशारों को अपने क्षेत्रीय दावों के लिए सीधी चुनौती मानता है। नेपाल में तिब्बती शरणार्थियों की स्थिति और 14वें दलाई लामा के प्रतिनिधियों की हालिया यात्राओं को लेकर भी चिंताएँ जताई गईं; चीनी अधिकारी इन यात्राओं को "चीन-विरोधी" गतिविधियों के एक बड़े पैटर्न का हिस्सा मानते हैं।



जानकारों का कहना है कि यहाँ तक कि सार्वजनिक सद्भावना संदेश जैसे प्रतीकात्मक कार्यों पर भी बीजिंग की ओर से कड़ी प्रतिक्रियाएँ आई हैं। इन चिंताओं के जवाब में, नेपाल ने 'एक-चीन' नीति के प्रति अपनी पुरानी प्रतिबद्धता को दोहराया, जैसा कि ढँ८४’ ने बताया है।

गृह मंत्री गुरुंग ने जोर देकर कहा कि नेपाल अपनी संप्रभुता और निर्णय लेने की स्वतंत्रता को बनाए रखते हुए, अपनी जमीन का इस्तेमाल पड़ोसी देशों के खिलाफ नहीं होने देगा। अधिकारियों ने इस बात पर भी जोर दिया कि नेपाल किसी भी बाहरी ताकत का मोहरा नहीं बनेगा। चीनी दूत ने इसके अलावा कुछ अनाम "तीसरे देशों" की संभावित संलिप्तता की ओर भी इशारा किया, जो नेपाल के आंतरिक मामलों को प्रभावित करने की कोशिश कर रहे हैं; उन्होंने इसे चीन को घेरने के उद्देश्य से बनाई गई एक रणनीति बताया। हालाँकि, काठमांडू ने अपनी तटस्थ विदेश नीति और संतुलित संबंधों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया, जैसा कि ढँ८४’ ने रिपोर्ट किया है।

# ईरानी सरकार ने पेट्रोकेमिकल उत्पादों के निर्यात पर पूरी तरह से बैन लगा दिया

**ईरान**

**ईरानी** सरकार ने पेट्रोकेमिकल उत्पादों के निर्यात पर पूरी तरह से बैन लगा दिया है। यह कदम उसने अपने औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर इजरायल के सटीक हमलों की एक श्रृंखला के बाद, अपनी आंतरिक सप्लाई को सुरक्षित रखने की कोशिश में उठाया है। टाइम्स ऑफ इजरायल की एक रिपोर्ट के अनुसार, इस फैसले को आर्थिक अखबार 'दोन्या-ए-एक्तेसाद' ने सार्वजनिक किया। इसमें रणनीति में आए एक बदलाव पर जोर दिया गया है, जिसका मकसद घरेलू सप्लाई को प्राथमिकता देना और कच्चे माल की कमी को रोकना है। नेशनल पेट्रोकेमिकल कंपनी के एक उच्च-अधिकारी ने यह निर्देश जारी किया। यह कंपनी डाउनस्ट्रीम सेक्टरों के लिए ज़िम्मेदार है। इस निर्देश में पेट्रोकेमिकल कंपनियों को अगले आदेश तक निर्यात रोकने का आदेश दिया गया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब इस्लामिक गणराज्य हालिया दुश्मनी के बढ़ते असर से अपने घरेलू मैन्युफैक्चरिंग आधार को बचाने की कोशिश कर रहा है।

'द टाइम्स ऑफ इजराइल' ने बताया कि इस पाबंदी वाले कदम का मुख्य मकसद "हाल के हमलों से हुए नुकसान के बाद घरेलू बाजारों को स्थिर करना और उद्योगों को सप्लाई सुनिश्चित करना" है। इन चीजों के अंतरराष्ट्रीय प्रवाह को रोककर, तेहरान को उम्मीद है कि वह घरेलू औद्योगिक संकट को रोक पाएगा। यह रुकावट देश के मुख्य ऊर्जा गलियारों पर इजराइल के लक्षित हमलों



के बाद आई है। "हाल के हफ़्तों में इजराइल ने असलूयेह और महशहर में पेट्रोकेमिकल उत्पादन के मुख्य केंद्रों को निशाना बनाया," और इन ऑपरेशनों ने खास तौर पर "उन यूटिलिटी कंपनियों को निशाना बनाया जो पेट्रोकेमिकल प्लांटों के लिए कच्चा माल (फीडस्टॉक) मुहैया कराती हैं, जिससे उत्पादन में रुकावट आई।

घरेलू उत्पादन संकट को और भी गंभीर बना रही है बढ़ती समुद्री नाकेबंदी। 'द टाइम्स ऑफ इजराइल' ने बताया कि अमेरिका की सेना ने ईरानी बंदरगाहों पर जहाजों की आवाजाही रोकने के लिए एक अभियान शुरू किया है। इस नौसैनिक दबाव का "मकसद ईरान के निर्यात से होने वाली कमाई को कम करना और तेहरान पर दबाव डालना है," जबकि दोनों देश "चल रही युद्धविराम के दौरान शांति वार्ता के दूसरे दौर" की संभावना पर विचार कर रहे हैं। क्षेत्रीय अस्थिरता के बावजूद, तेहरान अपनी आंतरिक स्थिरता की छवि पेश करने की कोशिश कर रहा है। ईरानी मीडिया 'फार्स न्यूज एजेंसी' की रिपोर्ट के अनुसार, "वैश्विक कीमतें बढ़ने के बावजूद पेट्रोकेमिकल और संबंधित उत्पादों की घरेलू कीमतें संघर्ष-पूर्व के स्तर पर ही रखी गई हैं," यह एक ऐसी नीति है जिसका मकसद स्थानीय उपभोक्ताओं और कारखानों को महंगाई के झटकों से बचाना है।

इस रुकावट से ईरानी खजाने को होने वाला आर्थिक नुकसान काफी बड़ा है। 'फार्स न्यूज एजेंसी' के अनुसार, ईरान आम तौर पर "हर साल लगभग 29 मिलियन टन पेट१ङ्ककेमिकल उत्पादों का निर्यात करता है," जिससे उसे लगभग 13 अरब अमेरिकी डॉलर की कमाई होती है। यह निलंबन विदेशी मुद्रा (हार्ड करेंसी) का एक बड़ा नुकसान है, क्योंकि सरकार व्यापार के मुकाबले अपने अस्तित्व को ज्यादा प्राथमिकता दे रही है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर
योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र
प्रयागराज होगा